
अनमोल वचन



किसी भी स्वाभिमानी व्यक्ति के लिए सोने की बेड़ियां, लोहे की बेड़ियों से कम कठोर नहीं होगी। चुभन धातु में नहीं वरन् बेड़ियों में होती है। -महात्मा गांधी

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-137 सीहोर,शनिवार 12 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोग्रेसिव सेक्टर

# मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में मिले 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने शहरी विकास के लिये 12 हजार 360 करोड़ रुपये की दी सौगातें गिफ्ट सिटी के जैसे मध्यप्रदेश में भी 10 सिटी बनाएंगे





भोपाल (ए.) ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है और यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। रियल एस्टेट के विकास में ही देश का विकास अंतर्निहित है। हम इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी बड़े शहरों में इसी तरह की ग्रोथ कॉन्क्लेव करके और सबको घर मुहैया कराकर नागरिकों के जीवन में खुशहाली लायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर देश की जीडीपी में अब 8.5 प्रतिशत तक योगदान दे रहा है, जो कभी मात्र 3 प्रतिशत हुआ करता था। उन्होंने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी। उन्होंने घोषणा की है कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी। प्रदेश के समग्र शहरी विकास और रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करोड रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और शहरी एवं औद्योगिक विकास को नई ऊचाईयां प्राप्त होंगी। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के लिये 12 हजार 360 करोड रुपये की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिये 5 हजार 454 करोड रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड रुपये से अधिक का अनुदान भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा, ग्रीन फील्ड हाईवे, टाउनशिप और स्मार्ट सिटी परियोजना को बढावा दिया जायेगा।

**कॉन्क्लेव में प्राप्त निवेश प्रस्ताव**

कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करोड रुपये का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करोड रूपये, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करोड रुपये, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करोड रूपये, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करोड रूपये तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिये एक हजार 320 करोड रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेक्स्ट होराइजन: बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश के शहरों को नई उडान मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुलभ, स्विफ्ट और सुरक्षित परिवहन, किसी भी आधुनिक शहर की रीढ़ होते हैं।




केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रदेश में बारिश का दौर जारी, सिवनी में 9 घंटे में साढ़े 6 इंच गिरा पानी, 20 जिलों में हुई बारिश



भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से लगातार मानसूनी बारिश का दौर जारी है। कई जिलों में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। शुक्रवार को प्रदेश के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश का दौर जारी रहा। सिवनी में 9 घंटे में 6.5 इंच बारिश दर्ज की गई। छतरपुर के खजुराहो में करीब ढाई इंच, उमरिया-नौगांव में 1.8 इंच, सतना में 1.1 इंच, पचमढी-ग्वालियर में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। कटनी, शहडोल, सीधी, मैहर, मऊगंज जिले में भी तेज बारिश से घर-दुकानों में पानी भर गया। दतिया, नर्मदापुरम, रतलाम, श्योपुर, दमोह, जबलपुर, रीवा, टीकमगढ, सीहोर समेत कई जिलों में बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विभाग ने रात में आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। राजधानी भोपाल में शाम के समय बारिश का दौर शुरू हुआ।

अगले 2 दिन में सिस्टम और भी होगा स्ट्रॉन्ग


अगले 2 दिन में सिस्टम और भी स्ट्रॉन्ग होगा, जिससे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में भी तेज बारिश का दौर चलेगा। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में 3 टर्फ का असर है। वहीं, लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) की एक्टिविटी भी सामने आई है। इसके चलते बारिश का दौर बना हुआ है।

## बिल जमा हो या नहीं ,2 घंटे से अधिक डेड बॉडी नहीं रख पाएंगे प्राइवेट हॉस्पिटल, सरकार ने लागू किया नियम

दिसपुर (आरएनएस)। असम में अस्पतालों के लिए एक नया नियम आया है। बिल जमा हो या न हो प्राइवेट हॉस्पिटल 2 घंटे से ज्यादा समय तक अब डेड बॉडी नहीं रख पाएंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम सरकार ने फैसला किया कि किसी भी निजी अस्पताल को मरीज के शव को 2 घंटे से अधिक समय तक रखने की अनुमति नहीं होगी, भले ही परिवार इलाज का बिल न चुका पाए।

हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि निजी अस्पतालों की ओर से मृतक मरीजों के शवों को रोककर नहीं रखा जाएगा। उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के 2 घंटे के भीतर शव सौंपने होंगे, चाहे भुगतान कितना भी लंबित क्यों न हो। इससे अधिक देरी होने पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार एक 24 7 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 104 स्थापित करेगी और परिवार इस नंबर पर शव न मिलने की सूचना दे सकेंगे।उन्होंने कहा कि इस मामले की सूचना तुरंत जिला स्वास्थ्य अधिकारी, स्थानीय पुलिस और अस्पताल शिकायत प्रकोष्ठ को दी जाएगी। शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी को घटनास्थल का दौरा करना होगा।

## काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों को छोड़ने वाला नहीं : गडकरी



नई दिल्ली (ए.)। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बढ़ते पुल हादसों के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वे काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के पीछे लग गए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा है कि दुर्भावनापूर्ण गलतियों पर ठोक देना चाहिए। मंत्री गडकरी ने कहा, एक्सीडेंट अलग चीज है और जो काम करते समय बेईमानी और फ्रॉड करते हैं, वहां दूसरी चीज है। अगर गलती जानबूझकर नहीं की गई हो तब माफ कर देना चाहिए, लेकिन अगर गलती दुर्भावनापूर्ण की गई हैं, तब ठोक देना चाहिए। एक कार्यक्रम में उन्होंने यह टिप्पणी की।काम के रवैये को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि वह गड़बड़ होने पर जिम्मेदारों को डांट लगाते हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई गड़बड़ हुई रोड पर तब छोड़ता नहीं हूं। अभी मेरा टारगेट है, 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड हुए, अब मैं ठेकेदार और अधिकारियों के पीछे लगूंगा। ये मेरे देश की संपत्ति है, मैं इसके साथ समझौता नहीं करूंगा। एक एक रोड में मेरे घर की दीवार है। जितनी चिंता मुझे मेरे घर की है, उतनी जिम्मेदारी मेरी उस रोड के साथ है। इसके साथ समझौता नहीं करूंगा।

### ट्रेन सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे करेगा एआई का इस्तेमाल, डीएफसीसीआईएल के साथ समझौता किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। रेलवे की सेवा दक्षता में सुधार करने और रोलिंग स्टॉक के रखरखाव को स्वचालित करने के लिए भारतीय रेलवे (आईआर) ने मशीन विजन बेस्ड इंस्पेक्शन सिस्टम (एमवीआईएस) की स्थापना के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।एमवीआईएस एक आधुनिक, एआई/एमएल-आधारित टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन है जो चलती ट्रेनों के अंडर-गियर की हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरों को कैप्चर करता है और स्वचालित रूप से किसी भी लटके हुए, ढीले या लापता घटकों का पता लगाता है।

## छात्रों को संबोधित कर डोभाल, हमें गर्व है ऑपरेशन सिंदूर पर...23 मिनट में 9 आतंकी ठिकाने तबाह

चेन्नई,(ए)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह पूरा ऑपरेशन सिर्फ 23 मिनट में पूरा हुआ और इसमें भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी



ठिकानों को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त किया। डोभाल ने कहा, कि हमें गर्व है कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल हुआ। हमने सटीक इंटेलिजेंस के आधार पर सीमापार मौजूद उन सभी ठिकानों को खत्म किया, जहां आतंक की साजिशें रची जा रही थीं। इनमें कोई भी लक्ष्य नागरिक इलाकों में नहीं था। उन्होंने युद्ध और तकनीक के बदलते स्वरूप पर भी जोर देकर कहा कि आने वाले समय में टेक्नोलॉजी आधारित वॉरफेयर ही निर्णायक होगी। जिसके लिए आप सभी को तैयार रहना होगा।एनएसए डोभाल ने भारत की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना पर कहा, कि आप एक इसतरह के राष्ट्र का हिस्सा हैं जो हजारों वर्षों से अस्तित्व में है। एक सभ्यता जो संकटों और हमलों के बावजूद जीवित रही है। हमारे पूर्वजों ने इस राष्ट्र भावना को जिंदा रखने के लिए अपमान और पीड़ा सही है। इसका मतलब है कि भारत का इतिहास बहुत पुराना है। हमारे पूर्वजों ने इस इतिहास को बनाए रखने के लिए बहुत त्याग किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक राष्ट्र के तौर पर बहुत पहले से है। भले ही, आजाद भारत एक नया राज्य है। उन्होंने युवाओं को याद दिलाया कि वे देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को मिली जान से मारने की धमकी, महिला यूट्यूबर के इंस्टाग्राम पर आया मैसेज



पटना (ए)। बिहार में बढ़ते अपराध के बीच अब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले को लेकर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। मुख्य प्रवक्ता बिहार प्रदेश राजेश भट्ट ने इसको लेकर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।




सावन की शुरुआत :

### ओंकारेश्वर, मेरठ और देवघर में उमड़े शिव भक्त

*उज्जैन/खंडवा/देवघर (आरएनएस)। सावन मास के पहले दिन देशभर के शिव मंदिरों में भक्ति का उत्साह चरम पर है। उज्जैन, खंडवा और देवघर में लाखों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़े हैं। मंदिरों में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।मध्य प्रदेश के उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के मंदिर में सावन के पहले दिन विशेष भस्मारती की गई। सुबह तीन बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की कतारें लग गईं, जो देर रात 11 बजे शयन आरती तक जारी रहेंगी। भगवान महाकाल का पंचामृत अभिषेक हुआ, और भांग, चंदन, सूखे मेवों व फूलों से उनका श्रृंगार किया गया। रजत मुकुट, शेषनाग और पुष्पमाला से सजे भगवान को मिष्ठान का भोग लगाया गया। 'जय महाकाल' के नारों से उज्जैन नगरी गूंज उठी। मंदिर समिति और प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।*

*मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित चतुर्थ ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में भी सावन के पहले दिन हजारों श्रद्धालु पहुंचे। सुबह चार बजे से ही भक्तों ने मां नर्मदा में स्नान कर मन को पवित्र किया और बाबा ओंकार के दर्शन किए।*

## गुरुग्राम में पिता ने टेनिस खिलाड़ी राधिका को उतारा मौत के घाट



गुरुग्राम (आरएनएस)। हरियाणा के गुरुग्राम में टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, पिता ने अपनी बेटी को सिर्फ इसलिए मार दिया, क्योंकि समाज उन्हें बेटी की कमाई खाने का ताना देता था। गुरुग्राम पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग लगातार आरोपी को बेटी की कमाई खाने का ताना मार रहे थे, जिसकी वजह से वह अपनी बेटी से टेनिस अकादमी बंद करने के लिए कह रहा था। राधिका के चाचा कुलदीप यादव ने पुलिस को बताया कि आरोपी और वह एक ही मकान में रहते हैं और दोनों घर को किराए पर देने का काम करते हैं। उन्होंने बताया, मैं घर पर ही था। सुबह करीब 10:30 बजे एक धमाके की आवाज सुनाई दी। मैं आवाज सुनकर फर्स्ट फ्लोर पर पहुंचा, जहां मेरी भतीजी राधिका यादव रसोई में पड़ी हुई थी और रिवॉल्वर ड्राइंग रूम में थी।उसके बाद मेरा बेटा पीयूष यादव भी आया और हम दोनों ने राधिका को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेरी भतीजी को गोली लगी हुई थी। मेरी भतीजी राधिका टेनिस की खिलाड़ी थी, जिसने कई बार ट्रॉफी जीती थी। मैं हैरान हूं कि उसकी हत्या क्यों की गई? जब मैं फर्स्ट फ्लोर पर गया था, उस समय मेरे भाई दीपक, मेरी भाभी मंजू यादव मौके पर मौजूद थे। मेरा भतीजा धीरज यादव घटनास्थल पर नहीं था। मेरे भाई दीपक के पास लाइसेंसी .32 बोर की रिवॉल्वर है।

सूचना के बाद पुलिस ने जांच की। टीम ने वारदात में इस्तेमाल रिवॉल्वर के फिंगर प्रिंट लिए। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने चेक किया तो रिवॉल्वर के अंदर पांच खोखे थे और एक जिंदा कारतूस था। पुलिस ने आरोपी दीपक यादव से पूछताछ की तो उसने बताया कि उनकी बेटी राधिका टेनिस की प्लेयर थी और नेशनल तक खेली थी, और काफी ट्रॉफी जीतकर ला चुकी है।

कंधों में इंजरी होने के कारण वह कुछ समय से नहीं खेल रही थी। उसने टेनिस अकादमी खोल रखी थी, जहां वह बच्चों को कोचिंग देती थी।आरोपी पिता ने पुलिस को बताया कि जब वह गांव में दूध लेने के लिए वजीराबाद जाते थे तो लोग कहते थे कि आप अपनी लड़की की कमाई खाते हो, जिससे वह काफी परेशान थे। उन्होंने कहा, लोग मेरी बेटी के चरित्र पर उंगली उठाते थे। इस पर मैंने बेटी से कहा कि वह टेनिस अकादमी बंद कर दे, लेकिन उसने मना कर दिया। मेरे दिमाग में यही टेंशन रहती थी, जो मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंचाती थी।

दीपक यादव ने बताया कि इसी टेंशन में उसने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से अपनी बेटी को पीछे से तीन गोली मार दी। घटना के दौरान राधिका रसोई में खाना बना रही थी। पिता ने बेटी की हत्या की बात स्वीकार कर ली है। मौके पर मौजूद आरोपी की पत्नी मंजू यादव ने अपना बयान नहीं दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पिता ने बनवा कर दी डेढ़ करोड़ की टेनिस एकेडमी

कुछ महीने पहले राधिका के कंधे में चोट आई थी, जिसके चलते वह अभ्यास नहीं कर पा रही थी। बताया जा रहा है कि राधिका के पिता ने ही करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत टेनिस एकेडमी बनाया था। राधिका गानों के साथ ही रील बनाने की भी कोशिश करती थी। इसमें उसकी खेल से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां रहती थीं।





# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया "कल के शहरों का निर्माण" प्रदर्शनी का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री ने की शहरी विकास के मॉडल एवं नवाचारों पर केन्द्रित प्रदर्शनी की सराहना

भोपाल (निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में "मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025" अन्तर्गत कल के शहरों का निर्माण थीम पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में विकास के लिए संचालित विभिन्न प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विकसित सुदृढ़ अधोसंरचना, नवाचारों, निवेश प्रोत्साहन नीतियों एवं योजनाओं से संबंधित प्रकल्प प्रदर्शित किए गए। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।

**इंदौर विकास के मॉडल की झलक**

प्रदर्शनी में इंदौर विकास प्राधिकरण की अधोसंरचना विकास के लिए अपनाए गए मॉडल जिसमें पीपीपी मोड पर आधारित बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स पार्क के निर्माण, एयरपोर्ट के पास कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए निर्माणाधीन स्टार्टअप पार्क को प्रकाशित किया गया।

मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025



प्रदर्शनी में सारे प्रोजेक्ट्स की जानकारी को डिजिटली उपलब्ध कराने के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

**कल के शहरों में मेट्रो रेल की भूमिका**

"कल के शहरों" के निर्माण में मेट्रो रेल की भूमिका को दर्शाने वाली प्रदर्शनी में इंदौर मेट्रो रेल परियोजना (येलो लाइन), भोपाल मेट्रो रेल परियोजना (ऑरेंज और ब्लू लाइन), रोलिंग स्टॉक (ट्रेन) देशी तकनीक से निर्मित आधुनिक मेट्रो ट्रेनें, सूचनात्मक पैनल को प्रदर्शित किया गया जिसके माध्यम से कल के शहरों में आवागमन के सशक्त साधन को दिखाया गया है।

**टेक्नोलॉजी आधारित प्रकल्प**

टेक्नोलॉजी आधारित विकास की पांच परिवर्तनकारी नीतियाँ आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) नीति 2025, ड्रोन प्रोत्साहन एवं उपयोग नीति 2025, एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) नीति 2025, सेमीकंडक्टर नीति 2025 का प्रदर्शन किया।

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम इंदौर द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की गई जिसमें राज्य के प्रमुख अधोसंरचना परियोजना के गतिशील औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, तेजी से विकसित होती आईटी अवसंरचना, और समावेशी शहरी विकास को प्रदर्शित किया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन में कावड़ का पूजन कर कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुए। महामंडलेश्वर श्री उत्तम स्वामी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल(आरएनएस)। कोलार इलाके में महिला ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना शुक्रवार तडके की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पति ने पत्नी पर दूसरे युवक से प्रेम प्रसंग होने के आरोप लगाए हैं। सुसाइड से पहले पति और पत्नी के बीच दूसरे युवक से बात करने को लेकर विवाद भी हुआ था।जानकारी के मुताबिक मुस्कान पति अनिल (24) निवासी सर्वधर्म ए सेक्टर गृहिणी थी। मृतका के पति अनिल ने बताया कि शादी के सात साल बाद भी दोनों की कोई संतान थी। पति का आरोप है कि पत्नी दूसरे युवक से फोन पर बात करती थी। उसके साथ पूर्व में भागने का प्रयास कर चुकी थी।

## मध्य प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे सिकल सेल के मरीज, एम्स का दावा जांच में औसतन 25 फीसदी लोग मिले पॉजिटिव



भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश में खौफनाक बीमारी सिकल सेल के खात्मे के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने इस रोग को खत्म करने के लिए स्क्रीनिंग के बाद जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान देने की भी बात कह चुके हैं। इसके एम्स भोपाल द्वारा बैतूल जिले में लगाए गए कैंप में औसतन 25% लोग इस बीमारी से ग्रसित पाए जा रहे हैं। जोकि काफी चिंता का विषय है। दरअसल एम्स द्वारा लगाई गई शिविर में जांच रिपोर्ट आने पर पता चला कि जिन लोगों की जांच की गई उनमें से 24.7 फीसदी लोग पॉजिटिव पाए गए। हालांकि वैतूल कलेक्टर का कहना है कि हमारे पास ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं आई है। सिकल सेल एक वंशानुगत रक्त विकार है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी अनजाने में फैलता रहता है। समय पर जांच और जानकारी से इस रोग की रोकथाम संभव है।

**एम्स ने एक संस्था के साथ लगाया था शिविर**

एम्स भोपाल और मध्य प्रदेश थैलेसीमिया जन जागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 28 जून को आमला तहसील के बोदरझी स्थित पैराडाइज स्कूल में एक दिवसीय नि:शुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य गंभीर आनुवंशिक रक्त विकारों जैसे सिकल सेल एनीमिया व बीटा थैलेसीमिया के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना और नि:शुल्क परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में कुल 169 लोगों की पॉइंट-ऑफ-केयर टेस्ट के माध्यम से जांच की गई, जिनमें 101 बच्चे, 68 वयस्क शामिल थे। इनमें से 44 लोग (लगभग 24.7%) प्रारंभिक परीक्षण में पॉजिटिव पाए गए, जिन्हें एम्स भोपाल के पैथोलॉजी विभाग में एचपीएलसी कन्फर्मेटरी जांच के लिए भेजा गया। जांच में 28 लोग (लगभग 16%) सिकल सेल ट्रेट से ग्रसित पाए गए, जबकि 14 लोग (लगभग 7.8%) सिकल सेल डिजीज के रोगी पाए गए। इसके अतिरिक्त, दो लोग बीटा थैलेसीमिया से पीड़ित पाए गए।

**प्रभावित क्षेत्रों में जांच और इलाज की सुविधा दुर्लभ**

एम्स के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि आज भी सिकल सेल प्रभावित क्षेत्रों में जांच और इलाज की सुविधा दुर्लभ है। ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई जा सकती है। एम्स भोपाल लगातार इन क्षेत्रों में रोगियों की पहचान, जांच और काउंसलिंग कर रहा है ताकि इस आनुवंशिक रोग की श्रृंखला को समय पर तोड़ा जा सके।

## मुख्यमंत्री के नए एसीएस की टीम में दो नए अफसर, विकास मिश्रा सीएम के उपसचिव बने, आलोक सिंह को सचिव का अतिरिक्त प्रभार







भोपाल (ए.)। राज्य सरकार ने दो भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ किया है। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में उप सचिव आईएएस विकास मिश्रा को मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव बनाया गया है। वहीं, राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के प्रबंध संचालक आलोक कुमार सिंह को अपने वर्तमान दायित्व के साथ साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को सामान्य प्रशासन की तरफ से आदेश जारी किए गए। बता दें, हाल ही में राज्य सरकार ने मंत्रालय में बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर जारी किए थे। अब मैदानी अधिकारियों के ट्रांसफर की सूची भी जल्द आने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## बंद ऋतु में कलियासोत जलाशय में अवैध मत्स्याखेट पर में की गई कार्यवाही

भोपाल(आरएनएस)। जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य प्रजनन काल रहता है। इस दौरान तालाबों एवं जलाशयों से मछली पकड़ना, परिवहन करना एवं विक्रय प्रतिबंधित है। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा जिले में सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग शिरीष अग्निहोत्री जिला भोपाल द्वारा मत्स्य विभाग के निगरानी दल का गठन किया गया। सहायक संचालक मत्स्योद्योग शिरीष अग्निहोत्री जिला भोपाल के निर्देशन में निगरानी दल द्वारा गुरुवार की दरमियानी रात तथा 06 जुलाई 2025 को कलियासोत जलाशय पर छापा मारकर 03 नाव एवं लगभग 3 क्विंटल वजन के जाल जब्त किये गये। अवैधानिक मत्स्याखेट चैकिंग के दौरान निगरानी दल प्रभारी उमराव सिंह कौरब मत्स्य निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही फिशिंग गियर से मत्स्याखेट करने वाले व्यक्तियों को बंद ऋतु के दौरान चले रहे प्रतिबंध के बारे में अवगत कराते हुए आगे से मत्स्याखेट न करने की चेतावनी दी गई।सहायक संचालक मत्स्योद्योग शिरीष अग्निहोत्री द्वारा बताया गया कि छापामार कार्यवाही लगातार भोपाल जिले के समस्त जलाशयों, परिवहन मार्गों तथा विक्रय स्थलों पर जारी रहेगी।

## अनंतपुर में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई- जेसीबी से पक्का निर्माण तोड़ा गया

भोपाल (आरएनएस)। अनंतपुर में गुरुवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया की मौजूदगी में अमले ने सरकारी जमीन पर खड़े पक्के निर्माण को जमींदोज कर दिया। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी ने कब्जा हटाने के आदेश दिए थे। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। ताकि, हंगामा होने पर सख्ती से निपटा जा सके। पुलिस ने सड़क के दोनों ओर से बेरिकेडिंग भी की थी।इस मामले में तहसीलदार त्रिपाठी ने नोटिस भी जारी किया था। बावजूद निर्माण नहीं तोड़ा गया। सोहेल अहमद निवासी अनंतपुर का जमीन पर कब्जा था। 3 हजार स्क्वायर फीट जमीन पर ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर का व्यवसायिक निर्माण कर कब्जा किया था। अनंतपुर की मुख्य सड़क पर ही पक्का निर्माण किया गया था। इसे लेकर शिकायत भी हुई थी। जिसके बाद एसडीएम, तहसीलदार समेत पुलिस अमले ने यह कार्रवाई की।

## पेट्रोल-डीजल पम्पों की जांच दल ने किया विभिन्न पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा गठित जांच दल द्वारा चन्द्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति नियंत्रक भोपाल के मार्गदर्शन में जिले में मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल प्रदाय तथा वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण आदेश 2005 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में जांच की गई। यह जांच राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और नापतौल विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई। जांच दल में एस.पी. पंडोले, नायब तहसीलदार भोपाल जगदीश भावसार, निरीक्षक नापतौल, अशोक सत्यार्थी, कुसुम अहिरवार, संदीप भार्गव, सहायक आपूर्ति अधिकारी तथा सुनिल वर्मा, पुष्पराज पाटिल, वसुंधरा पेन्ड्रो एवं मयंक द्विवेदी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शामिल रहे। गुरुवार को जांच दल द्वारा बैरागढ़ क्षेत्र स्थित मेसर्स जनता सेल्स सर्विस, मेसर्स पंजाब सेल्स एंड सर्विस, बाहुबली सेल्स एंड सर्विस; लालघाटी स्थित मेसर्स स्मार्ट सिटी फ्यूल; नादरा बस स्टैंड हमीदिया रोड स्थित मेसर्स सलुजा सेल्स सर्विस; तथा नीलबड़ क्षेत्र स्थित मेसर्स नायरा एनर्जी शुक्ला पेट्रोलियम, मेसर्स एस.पी. पेट्रोलियम और मेसर्स ए.एम.डी. पेट्रोलियम की जांच शासन द्वारा उल्लेखित तथ्यों के आधार पर की गई।

## परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, बिना परमिट-फिटनेस चल रहीं स्कूल वैनें जब्त

भोपाल (आरएनएस)। गुरुवार को चुना भट्टी और कोलार रोड इलाके में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सात स्कूल वैन और मैजिक वाहन जब्त किए गए। ये सभी वाहन बिना फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट और बीमा के स्कूल बच्चों को लेकर सड़कों पर दौड़ रहे थे। जब्त किए गए वाहनों में सेंट मैरी स्कूल और मदर टेरेसा स्कूल के छात्र-छात्राएं सवार थे। कार्रवाई के दौरान सभी वाहनों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात थाना परिसर में निराकरण हेतु खड़ा किया गया है।परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने कहा बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहनों के लिए फिटनेस, बीमा और वैध परमिट अनिवार्य हैं। इनका उल्लंघन करना सीधे तौर पर बच्चों की जान जोखिम में डालने जैसा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में ऐसे वाहनों पर और भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने ऐलान किया है कि शहर में चल रहे सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस, बीमा, परमिट और ड्राइवर की पात्रता की जांच की जाएगी। खासतौर पर निजी वैन और मैजिक वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जो अक्सर नियमों की अनदेखी करते हुए स्कूल परिवहन में लगे होते हैं।

## पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का आरोप, बोले- एफआईआर के बाद 14 दिन से गायब है लोधी परिवार, अपहरण हुआ या हत्या?

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में अशोकनगर की घटना को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शुक्रवार में आयोजित प्रेसवार्ता में बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने परिवार के गुम होने पर सवाल उठाए हैं। कहा 14 दिन हो गए हैं परिवार गांव से गायब है। हमारे नेता दिग्विजय सिंह भी गांव गए थे। कुटुंब के लोगों ने उनसे कहा कि जब से एफआईआर कराई है। उसके बाद से वह दोनों भाई और उनके परिवार गायब हैं। ऐसे में मेरी सरकार से मांग है कि उन्हें सबके सामने लाया जाए। क्या उनका अपहरण हुआ है ? या फिर हत्या कर दी गई है ? इस बात को सरकार स्पष्ट करें।



**पेट तो इनका इंसानों जैसा था, लेकिन खा भैसों जैसा**

शहडोल में जल प्रबंधन कार्यक्रम में ड्राई फ्रूट्स घोटाले को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा मध्यप्रदेश में एक भी मंत्रालय ऐसा नहीं है जहां 50% से कम कमीशन लिया जाता हो। कुछ दिन में 1 लीटर पेंट से 233 लोगों ने पुताई की थी, अब 14 लोग जिस तरीके से ड्राई फ्रूट खा गए।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत

भोपाल (आरएनएस)। ईटखेडी में चौरसिया ढाबे के सामने युवक की खून से लथपथ लाश मिली है। शव को गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात बरामद किया गया है। पुलिस शुरुआती जांच में एक्सीडेंट से मौत होना मानकर चल रही है। वहीं मृतक के परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताया है। उनका कहना है कि मौत की सूचना एक अनजान महिला ने दी। वह मौके पर भी मौजूद थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम के बाद बॉडी परिजनों को सौंप दी गई है।

पुलिस के मुताबिक महेंद्र सिंह दांगी पुत्र किशन लाल दांगी (38) लांबाखेडा शारदा नगर वाइन शॉप पर काम करता था। मृतक के भतीजे रवि दांगी ने बताया कि चाचा की मौत की सूचना एक महिला ने दी। स्पॉट पर पहुंचे तो महिला मौजूद थी।

## रक्षाबंधन पर पूरे दिन बांध सकेंगे राखी

### श्रवण नक्षत्र और सौभाग्य योग में मनेगा त्योहार, भद्रा का साया नहीं



भोपाल (ए.)। रक्षाबंधन का पावन त्योहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इस बार का रक्षाबंधन कई विशेष योगों से युक्त है। पूरे दिन भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा, जिससे किसी भी समय राखी बांधी जा सकेगी। इस वर्ष रक्षाबंधन श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग, बव करण और पूर्णिमा तिथि में मनाया जाएगा। चंद्रमा मकर राशि में स्थित रहेगा। विशेष बात यह है कि 1728 के बाद पहली बार 2025 में 8 ग्रहों की विशेष स्थिति बन रही है। सूर्य कर्क में, चंद्र मकर में, मंगल कन्या में, बुध कर्क में, गुरु और शुक्र मिथुन में, राहु कुंभ में और केतु सिंह राशि में रहेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डब्बावाला के अनुसार, इस दिन विभिन्न समय पर अलग-अलग केंद्र त्रिकोण योग बनेंगे। सर्वार्थ सिद्धि योग में प्रातः से दोपहर 2:40 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। सायंकाल में भी शुभ योग में राखी बांधी जा सकेगी।

**शनिवार के दिन श्रावण नक्षत्र का संयोग**

रक्षा बंधन पर्व पर कई योग संयोग बन रहे है। शनिवार के दिन श्रवण नक्षत्र का योग बहुत कम बनता है। इस दिन चंद्र मकर राशि में रहेगा और मकर राशि के स्वामी शनि है। शनिवार का दिन जिसका स्वामी भी शनि है और श्रवण नक्षत्र जो शनि की राशि की कक्षा में आते है। यह अपने आप में दुर्लभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का अधिपति विष्णु को बताया गया है। इस दिन सौभाग्य योग भी है, जिसके अधिपति ब्रह्मा है। ऐसे में ब्रह्मा व विष्णु की उपस्थिति में इस बार का रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा।

# भोपाल जिला पंचायत की बैठक में हंगामा, सदस्यों ने अवैध उत्खनन और स्कूलों के जर्जर भवनों का उठाया मुद्दा

भोपाल (ए.)। भोपाल जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति एवं साधारण सभा की बैठक जम कर हंगामा हुआ। बैठक में स्कूलों के जर्जर भवनो को लेकर कई सदस्यों ने मुद्दा उठाया, वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने बैरसिया रोड पर हो रही अवैध खनन का मुद्दा जोर-शोर से उठाते हुए खनन विभाग के अधिकारि अशोक नागल को घेरा। बैठक अध्यक्ष रामकुवर नौरंग सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी ने अध्यक्ष की अनुमति से बैठाक का एजेंडा रखकर कार्रवाई शुरू की।

**स्कूलों में टपकता है पानी**

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सदस्य विनय मेहर ने ग्रामीण क्षेत्र के 25 वर्षों से अधिक के बने हुए भावनों की दशा के बारे में सदन को बताया कि स्कूल भवन जरजर हालत में है। बरसात में पानी टपकता है बच्चे बैठकर पढ़ाई करते हैं। कभी भी अनहोनी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे स्कूल भवनों को चिन्हित कर उन्हें तोड़ा जाए और नए भवन बनाए जाएं, नहीं तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**सदन में सबूतों को दिखाते हुए लगाया आरोप**




उपाध्यक्ष मोहनसिंह जाट ने चिल्ला चिल्ला कर सदन में सबूतों को दिखाते हुए कहा कि मैडम जी खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी के ग्राम मस्तीपुर, बिनपुर, रतटल खजूरी, पूरा छिंदवाड़ा, कोढी, मनी खेड़ी, करदई, एवं ग्राम पंचायत शाहपुर में अवेद उत्खनन हो रहा है। खनन माफिया के द्वारा जितनी परमिशन ली गई है उससे अधिक की जमीन खोद डाली है। हम निरीक्षण करने जाते हैं तो उनके अधिकारी पहले ही माफिया को सूचना दे देते हैं। वह अपनी जेसीबी पोकलेन मशीन डंपर वहां से हटा लेते हैं। साबुन के हजारों पेड काट डाले हैं। खदानों में तार फैनसिल नहीं है पानी भरने के कारण दुर्घटना होने की संभावना रहती है। गिट्टी खदानों एवं खदानों पर कार्रवाई करते हुए तार पेंसिल की व्यवस्था के साथ दोषियों पर कार्रवाई करें। खदान के माध्यम से हजारों पेड़ों की बलि दी जा रही है। केंद्र एवं राज्य प्रदेश सरकार एक पेड़ मां के नाम लगाकर हरा-भरा कर रहे हैं और अधिकारियों की मिली भगत से खदान माफिया पेड़ पौधे काटकर जंगल मिटा रहे।

**प्रधानमंत्री सड़कों की खराब हालत**

बैरसिया विधायक प्रतिनिधि दीपक गुर्जर ने ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़कों की खराब हालत का मुद्दा उठाते हुए सड़कों की मरम्मत करने की बात कही इसका सभी सदस्यों ने समर्थन करते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों को घेरा।

**तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले मजदूरों का पैसा रोका**

सदस्य विनय मेहर ने वन विभाग के अधिकारियों से बैरसिया क्षेत्र के तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले मजदूरों का जो पैसा रुका है उसे पैसे दिलाने की मांग उठाते हुए कहा कि गरीब लोग दिन भर मेहनत करते हुए तेंदूपत्ता तोड़ते है। वन विभाग के अधिकारियों ने उनका पैसा रोक लिया है। उन्हें उनकी पूरी मेहनत का पैसा दिया जाए।

# गर्भवती महिला लीला ने की सड़क की मांग, भाजपा सांसद बोले- तारीख बताओ... उठवा लेंगे; मंत्री भी यह कह गए

सीधी (ए.)। सीधी जिले की गर्भवती महिला लीला साहू ने गांव की खराब सड़क बनवाने को लेकर सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपील की। लीला का वीडियो वायरल होने के बाद सांसद राजेश मिश्रा और मंत्री राकेश सिंह के अजीब-गरीब बयान सामने आए। पढ़िए, किसने क्या कहा?

मध्य प्रदेश के सीधी जिले की एक गर्भवती महिला लीला साहू ने गांव की कच्ची और कीचड़ भरी सड़कों की समस्या को लेकर एक बार फिर आवाज उठाई है। नौ महीने की गर्भवती लीला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि सड़क की कमी के कारण अस्पताल जाना उनके लिए कितना जोखिम भरा है। लीला का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के अजीब-गरीब बयान सामने आए।

सांसद मिश्रा ने लीला से उनकी डिलीवरी की तारीख पूछते हुए कहा- तारीख बताओ, हम तुम्हें उठा लेंगे। वहीं, मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि कोई भी कुछ सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा तो क्या हम उसकी हर



मांग मान लेंगे। पीडब्ल्यूडी या किसी भी विभाग के पास इतना बजट नहीं होता कि किसी सोशल मीडिया पोस्ट पर हम डंपर या सीमेंट-कंक्रीट लेकर सड़क बनाने पहुंच जाएं। भाजपा के दो बड़े नेताओं के ऐसे बयान सामने आने के बाद प्रदेश में सियासी माहौल भी गरमा गया है।

दरअसल, सीधे जिले में रहने वाली लीला साहू गर्भवती हैं। उनकी डिलीवरी का समय भी लगभग पूरा हो चुका है। लीला पिछले करीब एक साल से अपने गांव में पक्की सड़क की मांग कर रही हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग अनसुनी रही। लीला ने कहा, मैंने भाजपा को वोट दिया, लेकिन सड़क का वादा पूरा नहीं हुआ। डबल इंजन सरकार से उम्मीद थी, पर हमें सिर्फ बहाने मिले। अपने वीडियो में लीला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से अपील करते हुए कहा कि उनके गांव तक सड़क बनाई जाए, जिससे उनकी और उनके बच्चे की जान को कोई खतरा न हो।

**सांसद डॉ. राजेश मिश्रा का पूरा बयान पढ़िए**

लीला का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के बयान सामने आए। सांसद मिश्रा ने कहा, सड़क बनने में समय लगता है। अलग-अलग कारणों से कई बार काम रुक जाता है। खाम वाली सड़क पिछले 10 साल से बन रही है, अब भी थोड़ा-बहुत काम बाकी है। जंगल की वजह से रुकावटें



आती हैं। सड़क कोई विश्वकर्मा नहीं बनाते कि हाथ फैलाया और चमत्कार हो गया। रामायण में देखा था कि विश्वकर्मा ने चमत्कार से नई नगरी बना दी थी, लेकिन वास्तविकता में ऐसा नहीं होता। मुझे दुख है कि कांग्रेस को कोई नेता नहीं मिल रहा, इसलिए वे एक गर्भवती महिला को राजनीति का मोहरा बना रहे हैं। मुझे कांग्रेस पर तरस आता है। उन्होंने कहा कि लीला साहू जिस सड़क की बात कर रही हैं, वह चुरहट और धोनी विधानसभा को जोड़ती है। सड़क सांसद नहीं बनाता, वह इंजीनियर और तकनीकी टीम बनाती है। पहले सर्वे होता है, फिर डीपीआर बनती है।



## हनी ट्रैप कांड की सिडी मामले में कमल नाथ और गोविंद सिंह को राहत, जनहित याचिका खारिज

इंदौर (ए.)। मध्य प्रदेश के चर्चित हनीट्रैप कांड की सीडी को लेकर लगाई गई जनहित याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। यह सीडी पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने अपने पास होने का दावा किया था और गोविंद सिंह ने भी इस मामले में बयान दिए थे। तब इंदौर के एक वकील ने इस मामले में जनहित याचिका लगाई थी। नाथ के बयान सामने आने के बाद हनीट्रैप मामले में गठित एसआईटी ने भी नाथ को बयान देने के लिए उपस्थित होने को कहा था।

याचिका में दावा किया गया था कि दोनों नेताओं ने बयान दिया था कि उनके पास हनीट्रैप की सीडी है। इसके आधार पर जांच के लिए एसआईटी की सीडी उनके द्वारा सौंपी जाना चाहिए। गोविंद सिंह सरकार में मंत्री थे। बाद में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। दोनों के खिलाफ दो साल पहले जनहित याचिका दायर की गई थी।

कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि केस को लेकर आरोप पत्र दाखिल हो चुके है और प्रकरण चल रहा है। याचिकाकर्ता को अखबारों की खबर के माध्यम से सीडी को लेकर जानकारी मिली। सीडी को लेकर व्यक्तिगत रुप से यह जानकारी नहीं दी गई कि सीडी उनके पास है। सिर्फ खबर के आधार पर ठोस सबूत नहीं माना जा सकता है।

**इंदौर से हुई थी गिरफ्तारी**

प्रदेश के हनीट्रैप मामले में इंदौर से एक युवती और एक ड्राइवर को विजयनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद भोपाल के दो फ्लैट में छापे मारकर तीन युवतियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से सीडी भी बरामद की गई थी।

## युवक पर जानलेवा हमला, जमीन विवाद को लेकर चले लाठी, डंडे और टंगी; एक गंभीर घायल



शहडोल (ए.)। मप्र के शहडोल जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के कनाडी कला गांव में एक युवक पर जानलेवा हमला का मामला सामने आया है। पीड़ित कपिलदेव गुप्ता अपनी पट्टे की वैध भूमि पर पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य करवा रहे थे, इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

पीड़ित के अनुसार हमला करने वालों में गांव के हनुमा कोल, विष्णु कोल और लालबाबू कोल शामिल हैं। तीनों ने उस पर लाठी, डंडों और टांगी से हमला किया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित कपिल के सिर, नाक और कंधे पर गहरी चोटें आई हैं। कपिल गुप्ता ने बताया, मैंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन आरोपी मुझ पर तब तक हमला करते रहे जब तक वह वहां से निकल नहीं गया। इस दौरान मोती साहू नाम का एक व्यक्ति कपिल का बैग लेकर मौके से फरार हो गया। शुरुआत में कपिल ने बैग चोरी की रिपोर्ट नहीं कराई, लेकिन बाद में स्थिति स्पष्ट होने पर उन्होंने जान से मारने का प्रयास करने और लूट की शिकायत की। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अजय बैगा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है, उनकी तलाश की जा रही है।

## पानी में बहे बुजुर्ग का तीसरे दिन व्यारमा नदी में मिला शव, SDRF की टीम ने 30 किमी तक की सर्चिंग




दमोह (ए.)। दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के देवडोंगरा गांव निवासी एक वृद्ध बुधवार को अपनी भैंसों को लेकर नाले के किनारे गया था, जहां वह पानी के तेज बहाव में बह गया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद रात में एसडीआरएफ टीम को भी सूचित किया गया। दमोह से पहुंची एसडीआरएफ टीम ने लगातार वृद्ध की खोज की, करीब 30 किलोमीटर दूर व्यारमा नदी में सर्चिंग की गई। शुक्रवार दोपहर वृद्ध का शव झाड़ियों में फंसा मिला, जिसे बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर प्राची दुबे ने बताया कि परिजनों के अनुसार, देवडोंगरा गांव निवासी 60 वर्षीय कनई यादव बुधवार दोपहर अपनी भैंसों को चराने पहरेवा नाले की ओर ले गया था। इस दौरान वह नाले में उतरा और पानी के तेज बहाव में बह गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने तुरंत घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वृद्ध का कोई सुराग नहीं लग सका। रात में एसडीआरएफ को सूचना दी गई, जिन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गुरुवार को व्यारमा नदी में करीब 30 किमी तक सर्चिंग की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह पुनः रेस्क्यू शुरू किया गया, इस दौरान शव नाले से लगभग चार किलोमीटर दूर बरामद हुआ।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़, बिना कागजों वाली गाड़ियों में जा रहे स्कूल, प्रशासन सख्त

इंदौर (ए.)। इंदौर में बसों की सघन चेकिंग की जा रही है। इनमें स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों पर प्रशासन की विशेष निगाह है। आरटीओ की टीम ने महू क्षेत्र में संचालित स्कूली की वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान 6 स्कूली वाहन फिटनेस शर्तों का उल्लंघन करते पाए गए जिनका फिटनेस निरस्त किया गया। एक ट्रेवलर बिना दस्तावेज के स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाई गई, जिसे जब्त किया गया। अन्य वाहनों पर भी मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई कर 25 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

**रेडिसन और विजय नगर पर बसों से लग रहा जाम**

रेडिसन चौराहा, विजयनगर चौराहा पर बसों की चेकिंग की गई। इसमें वाहनों के फिटनेस परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किए गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा गई। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नंबर प्लेट लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया।




**1 लाख रुपए जुर्माना वसूला**

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन और बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसों पर कार्रवाई की गई है।

चेकिंग के दौरान रेडिसन विजयनगर क्षेत्र पर बेतरतीब खड़ी होकर सवारी बैठातें पाई गई तीन बसें जब्त की गई। इनमें से दो बसों के परमिट नहीं पाए गए। मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर इन बसों से 1 लाख 30 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। ट्रेवल्स, बस संचालकों से अपील की गई है कि वह अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाएं, अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब, निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसों की जब्ती की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## व्यापार समाचार



## जापान में रेडिमेड कपड़ों का निर्यात बढ़ाने की भारत के पास क्षमता, एईपीसी ने किया यह दावा

नई दिल्ली (ए.)। रेडीमेड परिधानों के सबसे बड़े निर्यातक चीन की जापान में घटती हिस्सेदारी के बीच भारत इस खाली स्थान को भर सकता है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (AEPC) ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की।

**टोक्यो में आयोजित होगा इंडिया टेक्स ट्रेंड**

एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने बताया कि परिषद एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ टोक्यो जा रही है, ताकि शीर्ष जापानी ब्रांडों और खुदरा श्रृंखलाओं के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा करेगी। यह प्रतिनिधिमंडल 15 से 17 जुलाई तक टोक्यो में आयोजित होने वाले इंडिया टेक्स ट्रेंड मेले में भाग लेगा। फेयर में भारत के 150 से अधिक परिधान निर्यातक भाग लेंगे और घरेलू परिधानों की विविध रेंज पेश करेंगे।

**मुक्त व्यापार समझौते का अधिक उपोयग**

सेखरी ने कहा कि जापानी बाजार के साथ गहरी भागीदारी के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते का अधिक उपोयग हुआ है। उन्होंने कहा कि चीन की घटती हिस्सेदारी से बने अवसर का भारत पूरी तरह फायदा उठा सकता है।

**2024 में हुआ था 234.5 मिलियन डॉलर का निर्यात**

2024 में जापान में भारत का परिधान निर्यात 234.5 मिलियन डॉलर का था। पिछले साल टोक्यो ने लगभग 23 अरब डॉलर मूल्य के इन सामानों का आयात किया था। इसमें भारत की हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है।

**भारतीय आपूर्तिकर्ता की स्थिति अच्छी बनी हुई है**

सेखरी ने कहा कि जापानी कंपनियां लागत, गुणवत्ता और समय पर आपूर्ति पर विशेष ध्यान देती हैं। भारतीय आपूर्तिकर्ता इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। इनमें 200 पीस के छोटे, अनुकूलित उच्च-मूल्य के ऑर्डर से लेकर एक ही स्टाइल के 3 लाख पीस तक के बड़े ऑर्डर शामिल हैं।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 85.77 पर बंद हुआ। सुबह रुपया 19 पैसे टूटकर 85.89 पर आ गया। अमेरिका के अगले महीने से कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.76 पर खुला। फिर 85.89 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

# सोने के भाव 97,250 रुपए, चांदी 1,10,400 रुपए के करीब

नई दिल्ली (ए.)। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव शुक्रवार को तेजी के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव सार्वजनिक स्तर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,250 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,10,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी देखने को मिल रही है।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 561 रुपये की तेजी के साथ 97,252 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,691 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 559 रुपये की तेजी के साथ 97,250 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की



शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 210 रुपये की तेजी के साथ 1,09,333 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,09,123 रुपये था। इस समय यह 1,291 रुपये की तेजी के साथ 1,10,414 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,333.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,325.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 20.10 डॉलर की तेजी के साथ 3,345.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर सार्वजनिक स्तर को छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.64 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 37.30 डॉलर था। इस समय यह 0.53 डॉलर की तेजी के साथ 37.83 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



## 9 अगस्त को राखी और भारत छोड़ो आंदोलन की तिथि का संगम, व्यापारियों को 17000 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

नई दिल्ली (ए.)। इस वर्ष 9 अगस्त को भारत की अनुपम संस्कृति एवं सभ्यता का प्रतीक भाई-बहन का पवित्र पर्व 'रक्षाबंधन' देश भर में मनाया जाएगा इस बार का राखी का त्यौहार विशेष ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन 'भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ भी है।

ऐसे में कैट ने देश भर के व्यापारियों से आग्रह किया है कि वो इस बार राखी त्यौहार को 'राष्ट्रभक्ति राखी उत्सव' के तौर पर मनाएं। एक ओर जहां यह दिन भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक होगा, वहीं दूसरी ओर देशभक्ति की भावना को भी जीवंत करेगा। इस अनूठे संयोग को देखते हुए देशभर के व्यापारी वर्ग ने बड़े पैमाने पर राखी के त्यौहार पर राखी की बिक्री के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष राखी पर देश भर में लगभग 17 हजार करोड़ रुपए का व्यापार होने की संभावना है।

# शेयर बाजार में गिरावट का रुख जारी; सेंसेक्स 689 अंक टूटा, निफ्टी 25200 के नीचे

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बाजार आईटी, ऑटो और ऊर्जा शेयरों में भारी बिकवाली से प्रभावित हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 689.81 अंक या 0.83 प्रतिशत गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 748.03 अंक या 0.89 प्रतिशत गिरकर 82,442.25 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 205.40 अंक या 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 पर बंद हुआ।

**क्या रहा सेंसेक्स कंपनियों का हाल?**

सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में जून तिमाही की आय की रिपोर्ट के बाद 3.46 प्रतिशत की गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक अन्य प्रमुख पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के शेयरों में 4.61 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जब यह घोषणा की गई कि प्रिया नायर 1 अगस्त, 2025 से कंपनी की पहली महिला सीईओ और एमडी बनेंगी। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इटर्नल और भारतीय स्टेट बैंक भी लाभ में रहे।

**वैश्विक चुनौतियां नए निवेश को रोक सकती हैं- विनोद नायर**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पहली तिमाही के आय सत्र की धीमी शुरुआत और टैरिफ अनिश्चितताओं ने बाजार में नकारात्मक गिरावट दर्ज की गई। निवेशक गिरावट पर खरीदारी की



रणनीति के तहत तिमाही आय पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालाँकि, निकट भविष्य में, मौजूदा प्रीमियम मूल्यांकन और कम खर्च और टैरिफ अनिश्चितताओं जैसी वैश्विक चुनौतियाँ नए निवेश को रोक सकती हैं। इसके अलावा ऑर्डरों में देरी और नए निवेश के कारण आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा। इसका वित्त वर्ष 2026 के आय अनुमानों पर असर पड़ सकता है।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट**


एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे बंद हुआ, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग ऊपर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## पुरानी गाड़ियों पर पेट्रोल-डीजल प्रतिबंध

*दिल्ली में कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हो गई। इस अभियान के तहत 15 साले से ज्यादा पुराने पेट्रोल-चालित वाहनों और 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल-चालित वाहनों को पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं लेने दिया जाएगा।अभियान में जुटी यातायात एवं परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम की संयुक्त टीमों ने पहले दिन की कार्रवाई में 25 ईओएल (समय-सीमा पूरी कर चुके वाहन) जब्त किए। पेट्रोल पंपों को ऐसे वाहनों को ईंधन न देने को निर्देशित किया गया है, और दिल्ली में 350 से ज्यादा पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए गए हैं। वायु गुणवत्ता आयोग ने भी पेट्रोल पंप कर्मचारियों को सतर्क कर दिया था।दरअसल, काफी पहले नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल (एनजीटी) नियत अवधि से ज्यादा पुराने हो चुके वाहनों को दिल्ली में चलने से रोकने के आदेश पारित कर चुका है। आदेश की अनुपालना में समय-समय पर सख्ती भी की गई लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहे थे।डंप किए गए पुराने वाहनों, जिन्हें सार्वजनिक जगहों पर पार्क किया गया था, को जब्त भी किया गया लेकिन ऐसे वाहनों के मालिकों में किसी तरह का कोई डर या कानून की अनुपालना की ललक नहीं दिखलाई दी। लेकिन वाहनों से होने वाले प्रदूषण के नुकसान को देखते हुए जरूरी बन पड़ा था कि सख्ती से पुराने वाहनों को सड़क से हटवाया जाए। इस काम में अब तकनीक बड़ी मददगार साबित हो रही है। पुराने वाहनों की पहचान के लिए जो कैमरे पेट्रोल पंपों पर लगाए गए हैं, वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित हैं। उनमें स्वचालित हूटर सिस्टम भी लगाया गया है। प्रतिबंधित वाहन के पेट्रोल पंप पर पहुंचते ही कैमरे तुरंत उसका पता लगा लेते हैं, और अभियान में जुटे कर्मियों को सचेत करने के लिए हूटर बजा देते हैं। कार्रवाई के बाद कई वाहन चालक अपने वाहन के बिना ही घर जाने को मजबूर हो गए। बेशक, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के साथ ही उद्योग आदि पर सख्ती की दरकार है। लेकिन यह भी जरूरी है कि नये वाहन खरीदने के लिए आवधिक ऋण जैसी सहूलियतों की शत्रे आसान की जाएं ताकि यह अभियान नागरिक-विरोधी करार न दिया जा सके।*



पहाड़ियों और घरों पर छाए बादल, शिमला में बना शांत नजारा.

# मतदाता सूची में सुधार करने को लेकर विवाद क्यों हो रहा है

**अजय दीक्षित**


चुनाव आयोग ने बिहार सहित सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों में सुधार के लिए कुछ नियम कायदे कानून बनाए हैं और इन सुधारों को लेकर बिहार में राजद के नेता तेजस्वी यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी बिहार में कुछ विशेष संप्रदाय के मतदाताओं को मतदान से वंचित करना चाहती है और उन्होंने इस प्रक्रिया के चुनाव से ठीक पहले करने पर आपत्ति जताई है। 9 जुलाई को पटना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने इस संबंध में प्रदर्शन कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र की तरह चुनाव में हेराफेरी करना चाहती है।दूसरी ओर कुछ व्यक्तियों ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि इस प्रक्रिया पर रोक लगाएं। सर्वोच्च न्यायालय 10 अगस्त को सुनवाई करेगा।

भारत के संविधान के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की अनुच्छेद 243 (क) के तहत ईसीआई यानि मुख्य चुनाव आयोग मतदाता सूचियों का राज्य बार समय समय पर प्रकाशित करता है।भारत का प्रत्येक नागरिक 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर मतदाता सूची में एक स्थान पर अपने मत का किसी भी चुनाव में भाग ले सकता है।

मतदाता सूचियों के गठन की प्रणाली आजादी के बाद 1951 से लागू है और प्रथम चुनाव 1952 में लोकसभा और विधानसभा के एक साथ कराए गए। आरंभ में मतदाता के लिए आयु 21 वर्ष थी जो 1986 में 18 वर्ष करदी गई।

जैसे जैसे समय बीता तो कुछ विसंगति भी नजर आई जैसे अनाधिकृत तरीके से कुछ राज्यों घुसपैठियों भी मतदाता सूची में शामिल हो गए।इन लोगों ने राशनकार्ड बनवाकर अपने आप को मतदाता सूची में शामिल कर बा लिया । जिन राज्यों इस प्रकार की घुसपैठ हुई उनमें पश्चिमी बंगाल,बिहार,उत्तर प्रदेश,असम, नागालैंड त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, प्रमुख रूप से शामिल हैं।इन राज्यों में बांग्लादेश के चकमा शरणार्थी, घुसपैठियों की संख्या अधिक थी।

सबसे पहले अटलजी की सरकार में गृह मंत्री रहे लालकृष्ण



आडवाणी ने इसे संज्ञान में लिया। लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया। और एनआरसी बनाने की घोषणा की इतना ही नहीं पहले आधार को पैन कार्ड से लिंक कराया उसके बाद वोटर आईडी को आधार से लिंक करने का काम चल रहा है।चुनाव आयोग ने वर्तमान में बिहार में मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को रोकने के लिए आवश्यक कर दिया है कि मतदाता को यह साबित करना पड़ेगा कि वह भारत का निवासी है फिर चाहे वह किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का हो । इसके लिए मतदाता को अपने पिता का जन्म प्रमाणित करना पड़ेगा । बस यही से विवाद शुरू हुआ है। बिहार, पश्चिमी बंगाल, असम, और,सातों पूर्वोत्तर राज्यों में लाखों लोगों ने जाली राशनकार्ड, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, बनवा लिया है। उनमें से अधिकाक मुस्लिम है जो बांग्लादेश,म्यांमार,से आए हैं।पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार, तुड़मूल कांग्रेस, राजद, समाजवादी पार्टी ने इन लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया है। उसी कार्ड से ये लोग वोटर बन गए हैं। केंद्र में जब तक कांग्रेस सरकार रही उसने इन मुद्दों को महत्व नहीं दिया लेकिन चुनाव आयोग समय समय पर संज्ञान में लाता रहा था। टी एन शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे तब उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव से बकायदा पत्र लिख कर सूचित किया था कि पश्चिमी बंगाल की मतदाता सूचियों का परीक्षण कराया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मतदाता सूचियों का प्रचलन बहुत प्राचीन है और समय समय पर इस प्रक्रिया में सुधार किया गया है। दुनियां की पहली मतदाताओं सूची का उल्लेख 1241 में ब्रिटेन में मिलता है तत्कालीन समय में किसी मुद्दे पर राय लेने के लिए एक सूची थी । लेकिन 1761 में अमेरिका में बकायका चुनाव के लिए मतदाता सूची बनी ।उससे पहले मत व्यक्त करने के लिए पहले कान में कहना बाद में ध्वनि मत का ईजाद किया गया था।फिर एक हस्त लिखित पर्ची की प्रथा चली उसके बाद रेफरेंडम बना । स्विटजरलैंड में सबसे पहले नागरिकों के घर पोस्ट से मतपत्र भेजने का भी प्रचलन था।मॉडर्न डेमोक्रेसी अमेरिका से आई।अब पूरे संसार में लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूचियों है । किन्हीं राष्टों में तो एनआरसी से स्वचालित मतदाता सूचियों का उपयोग किया जाता है।18 वर्ष पूरी होने पर स्वचालित रूप से मतदाता बनता है।जन्म विवाह, मृत्य पंजीकरण से मतदाता का स्थान तय किया जाता है।

भारत में ईवीएम से मतदान होता है लेकिन मतदाता सूचियों का निर्धारण प्रक्रिया जटिल व कठिन है।चुनाव आयोग सरलीकरण और कंप्यूटर जनित मतदाता सूचियों को ऑनलाइन करने के रास्ते में है । विपक्ष का तर्क भी सही है कि चुनाव के मौके पर इस तरह के प्रक्रिया करना आपत्तिजनक है। लेकिन यह फैसला चुनाव आयोग का है न कि केंद्रीय सरकार का । और भारत में चुनाव आयोग अब तो काफी शक्तिशाली है। यहां तक कि मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो अन्य चुनाव आयुक्त हैं।किसी जमाने में चुनाव आयोग, मतदाता सूचियों, मतपत्र छापने,चुनाव से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों को साज सामान, देने तक सीमित था लेकिन टी एन शेषन ने चुनाव आयोग की शक्तियों का परिचय करवाया।

## (चिंतन-मनन) अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

*बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे।*

*एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं।*

*बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।*

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाः नौकरियों, आर्थिक विकास और औपचारिकीकरण की एक

सुश्री ज्योति विज

अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है। अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारतञ्च2047 के विजन का समर्थन करता है। ईएलआई देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है।


कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है।

रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है। खासतौर पर, औपचारिक व दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में।

आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली (डीबीटी सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, 'मेक इन इंडिया' तथा 'स्किल इंडिया' जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी।

अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को यह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।




मेष राशि: आपका दिन आज अच्छा बीतेगा। आपका वैवाहिक जीवन सुनहरा रहेगा। आज आपको घूमने - फिरने और खुद पर खर्च करने में काफी अच्छा महसूस होगा। व्यवसाय के विस्तार में सफलता मिलेगी और रोजगार संबंधित कोई अतिरिक्त योजना बना रहे हैं, तो उसमें आपको सभी का सहयोग मिलने के योग हैं।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा उलझन में रह सकते है, लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छायें जागृत होंगी और आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी। आज आप अपना पैसा किसी धार्मिक काम में लगाएंगे तो आपको पारिवारिक खुशी मिलेगी। आज आपके जरूरी कामों में जीवनसाथी का योगदान कारगर साबित होगा।

मिथुन राशि: आज आपकी हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं, उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की क्वालिटी को और बेहतर बनाने में ध्यान दें। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन राहतपूर्ण रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरस्कार भी मिल सकते हैं। आज आप अपने जीवन साथी से मन की बात कर उन्हें कहीं घुमाने ले जा सकते है।

सिंह राशि: आज का दिन ठीक - ठाक रहेगा। करियर के मामले में आप अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां लेंगे। आपको शारीरिक थकान का अहसास हो सकता है। आज आप जिससे भी बात करेंगे, उसे अपनी राय से सहमत कर देंगे। किसी खास मामले को लेकर आपकी सोच बदल सकती है।

कन्या राशि: दिन आज व्यस्तता में बीतेगा। आज आपके करीबी आपको अचानक से गिफ्ट देकर उनको आश्चर्य चकित कर सकते हैं। आज आप अपने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर सकते हैं। इस राशि के लोग आज बिजनेस में सोच - समझकर कर फैसला लें, इससे आपको सफलता की प्राप्ति होगी। छात्रों को अपने करियर के प्रति अच्छी खबर मिल सकती है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। अगर आप नई योजनायें शुरू करना चाह रहें है तो उसको ज्यादा लम्बे समय तक न टालें। आज आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपने सहकर्मियों का पूर्ण योगदान प्राप्त होगा। आज आप पास आये नए मौकों को हांथ से न जाने दें। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते है। व्यापार में भी आज आपको अच्छा लाभ होगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से संबंध रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे आर्डर मिल सकते हैं।

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया लाभ मिलेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे एवं आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें और अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा।

कुम्भ राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें।

मीन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

# झींगुर बना छांगुर

**बीपी गौतम**

उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के कुकृत्य के खुलासे से न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि, समूचा देश स्तब्ध दिखाई दे रहा है। एक समय भीख मांग कर जीवन गुजारने वाला छांगुर बाबा न सिर्फ करोड़ों की संपत्ति का स्वामी बन गया बल्कि, उसने समूचे सिस्टम पर ही कब्जा कर लिया। हिंदुओं और विशेष कर सवर्ण लड़कियों को मुस्लिम बनाने का अभियान चला रहा था, इसके बदले मोटी रकम देता था, अब छांगुर बाबा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के निशाने पर आ गया है। छांगुर बाबा और उसके गिरोह पर लगातार शिंकजा कसा जा रहा है, इस स्टोरी में छांगुर बाबा के कुकृत्यों की ही चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

**यह है ताजा प्रकरण**

बलरामपुर जिले में उतरौला क्षेत्र के निवासी 50 हजार के इनामी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को विदेशी फंडिंग से धर्मांतरण कराने के प्रकरण में महिला मित्र व कथित बीवी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया था। छांगुर बाबा और नसरीन को न्यायालय में पेश किया गया। एनआईए की विशेष अदालत के विशेष न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने बुधवार को छांगुर बाबा और नसरीन की सात दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली, दोनों की रिमांड अवधि बृहस्पतिवार से शुरू होगी, इस दौरान छांगुर बाबा से आईबी और एनआईए के अधिकारी भी पूछ-ताछ करेंगे, जिससे और बड़े खुलासे हो सकते हैं, इस मामले की जांच यूपी एटीएस और एसटीएफ के साथ अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भी की जायेगी। छांगुर बाबा और नीतू की गिरफ्तारी से पहले ही छांगुर बाबा के बेटे महबूब और नीतू के पति नवीन को जेल भेजा चुका है। एटीएस की विवेचना में उपरोक्त चारों के साथ लगभग 18 लोग सम्मिलित हैं, जिनकी तलाश जारी है।

**ऐसे हुआ सनसनीखेज खुलासा**

लखनऊ के शनिदेव मंदिर में तीन जुलाई को विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने धार्मिक विधि से इस्लाम स्वीकार कर चुके 15 लोगों को पुन: हिंदू बनाया था, इस दौरान विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने आरोप लगाया था कि बलरामपुर जिले में अतरौली क्षेत्र का निवासी छांगुर बाबा ने आर्थिक लालच देकर धर्मांतरण कराता है, इसके लिये उसे भारी मात्रा में विदेशी धन प्राप्त होता है। उन्होंने आरोप लगाया था कि इसके हिंदू महिलाओं की शादी दूसरे धर्म के लोगों से करवाई गई हैं। गोपाल राय ने आरोप लगाया था कि बलरामपुर और आस-पास के जिलों के 6000 से अधिक लोगों का धर्म-परिवर्तन कराया जा चुका है। उन्होंने पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने की मांग की थी, इस आरोप के बाद एसटीएफ और अन्य एजेंसियां हरकत में आईं तो, सनसनीखेज खुलासे होते चले।

**कभी भीख मांगता था छांगुर बाबा**

छांगुर बाबा बलरामपुर जिले के गांव रहरा माफी का मूल निवासी है। छांगुर बाबा किसी समय भीख मांग कर गुजारा करता था, इसके बाद महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित एक दरगाह के बाहर अंगूठी बेचने का धंधा करने लगा, इस दौरान ही वह अवैध धर्मांतरण के अंतर्राष्ट्रीय सिंडीकेट का हिस्सा बन गया और फिर खाड़ी देशों की कई संस्थाओं से जुड़ता चला गया, जहां से उसे अपार धन मिलने लगा, इसके बाद उसने अपना नेटवर्क स्थापित किया और बड़े स्तर पर हिंदुओं का धर्म-परिवर्तन कराने लगा, साथ ही स्वयं को उसने जिंदा पीर प्रचारित कर दिया, जिससे उसके प्रति आस्था और



श्रद्धा भी बढ़ती चली गई, फिर वह और उसके गिरोह से जुड़े लोग बड़े स्तर पर लोगों को इस्लाम के प्रति प्रेरित करने लगे और प्रलोभन भी देने लगे, इसके लिये छांगुर बाबा जगह-जगह कार्यक्रम भी आयोजित कराने लगा। छांगुर बाबा गांव मधपुर में स्थित चांद औलिया दरगाह में सालाना उर्स भी कराता था, जिसमें विदेश से भी लोग आते थे। छांगुर बाबा का बलरामपुर में बस स्टेशन के पास विशाल कपड़ों का बड़ा शोरूम है, जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है, अब छांगुर बाबा अकूत संपत्ति का स्वामी है।

**छांगुर बाबा की सिस्टम में है गहरी पैठ**

छांगुर बाबा ने पुलिस-प्रशासन और न्यायालय में गहरी पैठ बना ली थी। स्थानीय स्तर पर लोगों के विरुद्ध फर्जी शिकायतें करवा देता था एवं न्यायालय में परिवाद दायर करवा देता था, जिसके बाद फैसला कराता था और फिर इस्लाम स्वीकार करने का दबाव बनाता था। सिस्टम में बैठे कई लोगों को वो मोटी रकम देता था और कुछेक लोग धर्म के नाम पर उसकी मदद करते थे, इसकी पुष्टि आगे एजेंसियों की जाँच में ही हो सकेगा। छांगुर बाबा की ताकत का अहसास, इससे लगाया जा सकता है कि उसका कोई विरोध कर देता था तो, उसके समर्थक उसके साथ मारपीट करते थे और फिर विरोध करने वाले पीड़ित पर ही तत्काल मुकदमा दर्ज करा दिया जाता था, उसके कई रिश्तेदारों पर आजमगढ़ के देवगांव थाने में दो वर्ष पूर्व मुकदमा दर्ज हुआ था, फिर भी सब कुछ सामान्य ही रहा।

**डेमोग्राफी बदलना चाहता था छांगुर बाबा**

छांगुर बाबा का उद्देश्य घृणित और डरावना कहा जा सकता है। माना जा रहा है कि वह बलरामपुर और आस-पास के जिलों की धार्मिक बसावट बदलना चाहता था। एटीएस ने भी न्यायालय में जानकारी दी है कि उसका मंसूबा बलरामपुर में इस्लामी दावा केंद्र और मदरसा बनाने का था, वह हिंदू धर्म के प्रति नफरत फैलाकर भारत को इस्लामी मुल्क बनाना चाहता था। एटीएस के वकील ने अदालत को बताया कि छांगुर बाबा संगठित रूप से हिंदू, गैर-मुस्लिम समुदाय के गरीबों, असहाय मजदूरों, कमजोर वर्ग के लोगों, विधवा महिलाओं को आर्थिक मदद, शादी कराने, नौकरी का लालच देकर अवैध तरीके से धर्मांतरण कराता था, कई लोगों का धर्मांतरण डरा-धमकाकर भी कराया गया है, वह अवैध धर्मांतरण कर मुस्लिमों की संख्या बढ़ाकर देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित कर रहा था।



# कैंटीन मारपीट मामले में विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ मुकदमा, सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कही ये बात

मुंबई (ए.)। एमएलए हॉस्टल की कैंटीन में शिवसेना विधायक के कैंटीन कर्मचारी से मारपीट मामले की जांच शुरू हो गई है। मामले में मुंबई पुलिस ने शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि घटना की जांच शुरू करने के लिए पुलिस को औपचारिक शिकायत का इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस को मामले की जांच करनी चाहिए। अगर यह संज्ञेय अपराध है तो उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने एक कैंटीन कर्मचारी की पिटाई कर दी थी और खाने की खराब गुणवत्ता का आरोप लगाया था। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद संजय गायकवाड़ सरकार और विपक्ष के निशाने पर आ गए थे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा था कि इस तरह का व्यवहार विधायकों द्वारा अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने के बारे में गलत संदेश देता है। वहीं गृह राज्य मंत्री और शिवसेना विधायक योगेश कदम ने कहा था कि पुलिस गायकवाड़ के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि इस संबंध में उनके खिलाफ कोई शिकायत दर्ज



नहीं की गई है।

इस पर शुक्रवार को मुंबई पुलिस ने कहा कि कैंटीन कर्मचारी मारपीट मामले में शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ गैर-संज्ञेय अपराध दर्ज किया जा रहा है। उनके खिलाफ मरीन ड्राइव पुलिस थाने में अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इससे पहले सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस को हमले की जांच करनी चाहिए। जांच शुरू करने के लिए शिकायत की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर यह संज्ञेय अपराध है, तो पुलिस उचित कार्रवाई करेगी यह समझना ज़रूरी है कि कुछ अपराध संज्ञेय होते हैं, जबकि कुछ असंज्ञेय। किसी अपराध की श्रेणी बल प्रयोग के आधार पर तय होती है। पुलिस को अपना काम करने दीजिए, वे उचित कार्रवाई करेंगे।

**यह था मामला**

शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक गायकवाड़ पर खाने की गुणवत्ता की शिकायत करने के बाद मंगलवार रात मुंबई के एमएलए हॉस्टल की कैंटीन के एक कर्मचारी को थप्पड़ मारने का आरोप है। यह घटना आकाशवाणी एमएलए होस्टल में हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में गायकवाड़ कर्मचारी को अपमानजनक शब्द कहते हैं और बिल न चुकाने की धमकी देते हैं और फिर सेल काउंटर पर बैठे कर्मचारी पर थप्पड़ मारते हैं। घटना के बाद बुलढाणा के विधायक गायकवाड़ ने कहा कि उन्हें खराब गुणवत्ता का खाना परोसा गया था और वे इस मुद्दे को महाराष्ट्र विधानसभा के जारी सत्र में उठाएंगे। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने बुधवार शाम कैंटीन चलाने वाले कैटर्स का लाइसेंस निलंबित कर दिया।



शिमला के लालपानी बाईपास पर भारी बारिश के बाद पेड़ गिरने से यातायात बाधित.

# विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग पर भरोसा करना चाहिए : शाहनवाज हुसैन

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा ने विपक्ष द्वारा बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर रोक लगाए जाने की मांग पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मैं मानता हूं कि विपक्षी दलों के द्वारा चुनाव आयोग पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इसके (विशेष मतदाता पुनरीक्षण) खिलाफ



विपक्षी दल के नेता सुप्रीम कोर्ट गए थे, खासकर मनोज झा। उन्होंने कोर्ट से स्टे मांगा, लेकिन कोई स्टे नहीं लगा। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुझाव दिए हैं, जो उचित हैं। आखिरी सुनवाई में फैसला आएगा। विपक्षी नेताओं को सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा करना चाहिए। मगर ये लोग उस पर भी बयानबाजी करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, जब विपक्षी दल किसी राज्य में चुनाव जीत जाते हैं तो चुनाव आयोग अच्छा हो जाता है और जब हारते हैं तो चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं। मैं मानता हूं कि विपक्षी दलों के द्वारा ऐसा करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, जब राहुल गांधी की पार्टी ने रायबरेली, वायनाड, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल और तमिलनाडु में जीत हासिल की, तब उनको चुनाव आयोग से कोई दिक्कत नहीं हुई।

# सावन के पहले दिन शिव भक्ति में लीन हुई डिप्टी सीएम दिया कुमारी

जयपुर (आरएनएस) । श्रावण मास की पावन शुरुआत पर राजधानी जयपुर आज शिवमय नजर आया, तो वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिटी महल स्थित श्री राजराजेश्वर शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दुग्ध और जल से अभिषेक कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

सुबह के समय मंदिर में वेदों के पवित्र मंत्रों की ध्वनि गूंजी, परंपराओं का निर्वहन करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पूरे श्रद्धाभाव से भोलेनाथ का पूजन किया। मंदिर परिसर शिव आराधना और भक्ति भाव से सराबोर हो उठा। पूजा के दौरान उन्होंने हाथ में जलकलश लेकर शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया और पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की आरती की।

इस विशेष अवसर पर अनेक महिलाओं और कन्याओं ने भी पूजा में भाग लिया। फूलों की खुशबू, धूप-दीप की लौ, मंत्रोच्चार और घंटियों की मधुर ध्वनि के बीच माहौल अत्यंत आध्यात्मिक रहा। श्रद्धा और संस्कार की इस मिलन बेला में उपमुख्यमंत्री ने न केवल अपने व्यक्तिगत विश्वास को साझा किया, बल्कि पूरे प्रदेश की ओर से महादेव से आशीर्वाद भी मांगा।

दिया कुमारी ने कहा सावन का यह पवित्र महीना आत्मिक ऊर्जा, भक्ति और साधना का प्रतीक है। भगवान शिव के चरणों में यही प्रार्थना है कि प्रदेश में खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि बनी रहे।

# मोहन भागवत का बयान विरोधाभास के संकेत देता है : प्रियंका चतुर्वेदी



नई दिल्ली (आरएनएस)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सुझाव दिया है कि जब आप 75 साल की उम्र के हो जाते हैं तो आपको रुक जाना चाहिए और दूसरों के लिए रास्ता बनाना चाहिए। मोहन भागवत के बयान पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत के बयान से कहीं न कहीं आरएसएस और भाजपा में विरोधाभास के संकेत मिल रहे हैं। प्रियंका चतुर्वेदी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, 2014 में जब भाजपा की सरकार बनी थी, तो पीएम मोदी ने 75 साल से अधिक उम्र के अपने नेताओं को मार्गदर्शक मंडली में रखा था, जिनमें लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी शामिल थे। भाजपा के इस फैसले को सभी ने सराहा था। अब मोहन भागवत याद दिला रहे हैं कि जो फैसला दूसरों पर लागू होता है, वो खुद पर भी लागू होना चाहिए।

# सावन का पहला दिन : सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक, प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना



गोरखपुर (आरएनएस)। सावन के पहले दिन यूपी के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह रुद्राभिषेक और हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान शिव से सभी के कल्याण और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास पर शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने बिल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की, फिर जल, दूध और मौसमी फलों के रस से अभिषेक किया। मठ के विद्वान आचार्यों और पुरोहितों ने शुक्ल यजुर्वेद के रुद्राष्टाध्यायी मंत्रों के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया। इसके बाद योगी ने वैदिक मंत्रों के बीच हवन भी किया। रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। आज से सावन का पवित्र महीना शुरू हो गया है, जो भगवान शिव की पूजा के लिए खास है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। इस बार सावन में चार सोमवार आएंगे, और हर सोमवार को बाबा विश्वनाथ का अलग-अलग शृंगार होगा। काशी विश्वनाथ धाम में भक्तों की सुविधा के लिए पांच जगहों पर मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं, जहां डॉक्टर तीन पालियों में उपलब्ध हैं। लोधेश्वर, गोला और कानपुर के परमट मंदिर में भी भक्त सुबह से दर्शन के लिए कतार में खड़े हैं। राज्य के अन्य शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। कई भक्तों ने पंडितों के साथ शिव महाभिषेक, महामृत्युंजय जाप और रुद्राभिषेक किया। सावन के पूरे महीने सभी शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होगी।


# राउत का दावा- सीएम बनने के लिए बेताब हैं शिंदे, शिवसेना का भाजपा में विलय तक करने को तैयार

मुंबई (ए.) । शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बनने के लिए बेताब हैं और अपनी पार्टी का भाजपा के साथ विलय करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि शिंदे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर फडणवीस की शिकायत की और मराठी एकता को कमजोर करने की बात कही। वहीं, शिवसेना की प्रवक्ता शीतल म्हात्रे ने राउत के दावों को बेबुनियाद बताया।

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री बनने के लिए इतने बेताब हैं कि उन्होंने शिवसेना को बीजेपी में मिलाने तक की पेशकश कर दी है। राउत ने दावा किया कि शिंदे ने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की शिकायत की।

हालांकि, शिवसेना की प्रवक्ता शीतल म्हात्रे ने राउत पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें इस तरह की बयानबाजी करने की आदत है और उनकी पार्टी के लोग भी अब उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा, एकनाथ शिंदे ने अमित शाह से मुलाकात में कहा कि फडणवीस उन्हें काम नहीं करने दे रहे हैं और उनके विधायकों के खिलाफ जांच करवा रहे हैं।

# 'बिहार के मतदाताओं को वंचित होने से बचाएगा सुप्रीम कोर्ट का आदेश'; कांग्रेस का भाजपा पर निशाना



नई दिल्ली(ए.) । कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश (जिसमें बिहार में चल रही चुनाव आयोग की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई) स्पष्ट करता है कि किसी भी याचिकाकर्ता ने रोक लगाने की मांग नहीं की थी। कांग्रेस ने उम्मीद जताई कि यह फैसला बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर होने से बचाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में चल रही विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों को वैध मानकर विचार किया जाए। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जयमाल्या बागची की पीठ ने इसे सांविधानिक दायित्व बताया और चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी की दलीलों को सुनने के बाद बिहार के सात करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए चल रही प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, चुनाव आयोग को अब बिहार की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी), आधार कार्ड और राशन कार्ड को स्वीकार करना होगा। इससे बड़ी संख्या में मतदाताओं को वंचित होने से बचाया जा सकेगा। रमेश ने अपनी पोस्ट के साथ कोर्ट के आदेश के स्क्रीनशॉट भी साझा किए।

# सरकार 6 जी टेक्नोलॉजी में अगली पीढ़ी के इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : ज्योतिरादित्य सिंधिया

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार 6जी जैसी अगली पीढ़ी की संचार टेक्नोलॉजी को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने नई टेक्नोलॉजी के विकास के लिए एक रोडमैप की भी जरूरत बताई।

दूरसंचार सचिव डॉ. नीरज मित्तल के साथ भारत 6जी गठबंधन (बी6जीए) की प्रगति की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 6जी गठबंधन को 6जी टेक्नोलॉजी में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रित, रणनीतिक और स्पष्ट रोडमैप तैयार करना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर 6जी टेक्नोलॉजी में 10 प्रतिशत बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक कार्यसमूह स्तर



पर प्रगति की नियमित समीक्षा पर जोर दिया।

उच्च-स्तरीय बातचीत के दौरान, गठबंधन ने वर्ष 2030 तक 6-जी में वैश्विक अग्रणी बनने की दिशा में भारत की प्रगति पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में कार्य समूह के अध्यक्षों द्वारा व्यापक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें कार्यान्वयन योग्य योजनाओं और प्रमुख तकनीकी प्रगति की रूपरेखा को दिखाया गया। मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा, गठबंधन के कार्यकारी समूहों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सदस्यों ने रणनीतिक अपडेट, पहलों और कार्य योजनाओं पर व्यापक जानकारी साझा की। प्रस्तुतियों में स्वदेशी आरएएन तकनीक, ग्रामीण संपर्क के लिए बुद्धिमान और समावेशी नेटवर्क, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट और टिकाऊ परिनियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतर-क्षेत्रीय 6-जी अनुप्रयोगों जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति पर चर्चा की गई। भारत 6-जी गठबंधन ने केंद्रीय मंत्री को पिछली समीक्षा के बाद से सरकार और उद्योग द्वारा की गई प्रमुख कार्रवाइयों के बारे में भी बताया।

# अमरनाथ यात्रा : आठ दिनों में 1.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

श्रीनगर (आरएनएस)। अमरनाथ यात्रा के शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले आठ दिनों में 1.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की है। इसके अलावा, शुक्रवार को जम्मू से 6,482 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 1.45 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

उन्होंने कहा, शुक्रवार को 6,482 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ है। पहले काफिले में 107 वाहन शामिल हैं, जिनमें 2,353 यात्री मौजूद हैं। ये जत्था सुबह 3:20 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरे काफिले में 161 वाहन मौजूद हैं और उनमें 4,129 यात्री थे। ये काफिला सुबह 4:04 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ है।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में यमुना पुनरुद्धार पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की.

# एक और पति मारा गयाः महिला नींद की गोली खिलाकर सबको सुला देती... फिर बुलाती प्रेमी; बच्चों ने बताई मां की करतूत

अलीगढ़ (ए.)। आए दिन प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी द्वारा पति की हत्या करने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अलीगढ़ के बरला कस्बे के मोहल्ला कोठी में सामने आया है। यहां पत्नी के प्रेम संबंधों में बाधा बन रहे पति सुरेश की बृहस्पतिवार की गोली मारकर हत्या करा दी। बीना पिछले आठ साल से अपने पति को धोखा दे रही थी। पति दिल्ली में रहकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। कभी हफ्ते में तो कभी दस दिन में घर आता था। तीन बच्चों की मां बीना की दीवानगी का आलम यह था कि वह अपने से छह वर्ष छोटे प्रेमी को जब मिलने बुलाती तो अपने बच्चों व पति को खाने में नींद की गोलियां खिलाकर सुला देती थी। यह बात पिता की हत्या के बाद स्कूल से थाने पहुंचे तीनों बच्चों ने पुलिस से कही। यहां तक कह दिया कि उनकी मां को जेल भेज दो।

कस्बे के मोहल्ला कोठी के स्व.गोविंद राय के दो बेटों में बड़ा विजय गांव में रहकर मजदूरी करता है। घर के ही बगल वाले हिस्से में सुरेश परिवार के साथ रहता था। उसकी शादी




फिरोजाबाद के रैपुरा क्षेत्र के बीच का नगला की 30 वर्षीय बीना संग करीब 12 वर्ष पहले हुई। दंपती पर तीन बच्चे क्रमशः 10 वर्षीय नीतेश, 8 वर्षीय पुनीत व 6 वर्षीय रोशनी हुए। सुरेश शादी के साथ से ही दिल्ली में नौकरी करता था। सप्ताह या दस दिन में छुट्टी लेकर परिवार से मिलने आता। पुलिस का कहना है कि बीना के प्रेम संबंध घर से बीस मीटर की दूरी पर दुकान करने वाले मनोज से हो गए। पड़ोसी होने के नाते मनोज भी उसके घर आने लगा।

**भेद खुलने पर तीन पंचायतें तक हुईं, नहीं मानी**

कहते हैं कि इस तरह की प्रेम कहानी चंद दिनों में ही चर्चा-ए-आम हो जाती हैं। ऐसा ही बीना व मनोज की प्रेम कहानी में हुआ। मोहल्ले से लेकर कस्बे तक में लोग चर्चा करने लगे। सुरेश जब दिल्ली से आया तो उसने अपनी पत्नी को समझाने का प्रयास किया। मगर वह नहीं मानी। फिर तय हुआ कि सामाजिक दबाव बनाने के लिए गांव में पंचायतें कराई गईं।

## कई महीने की रणनीति के बाद पकड़े कोयंबटूर बम विस्फोट के आरोपी, करीब तीन दशकों बाद मिली सफलता

चेन्नई (ए.)। तमिलनाडु पुलिस ने हाल ही में साल 1998 के कोयंबटूर सीरियल बम धमाकों के मुख्य आरोपी समेत तीन आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अब तमिलनाडु के डीजीपी शंकर जिवाल ने बताया कि तमिलनाडु पुलिस ने आतंकियों को पकड़ने के लिए कई महीने तक ऑपरेशन चलाया और कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पुलिस के साथ समन्वय करके ऑपरेशन को अंजाम दिया।

**कोयंबटूर बम धमाकों में गई थी 58 लोगों की जान**

तमिलनाडु डीजीपी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 'अबूबकर सिद्दीकी, मोहम्मद अली और सादिक उर्फ टेलर राजा को लगभग तीन दशक तक फरार रहने के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस लगातार उनका पीछा कर रही थी। इन अभियानों को 'अराम' और 'अगाझी' नाम दिया गया था। ये तीनों व्यक्ति 1998 के कोयंबटूर सीरियल बम धमाकों के आरोपी हैं। कोयंबटूर बम धमाकों में 58 लोग मारे गए थे और 250 से ज़्यादा घायल हुए थे।

# तेलुगू इंडस्ट्री का माहौल होता है प्रोफेशनल:यामिनी मल्होत्रा



मुंबई (ए.)। पंजाबी और तेलुगू सिनेमा में शूटिंग को लेकर एक्ट्रेस यामिनी मल्होत्रा काफी फर्क बताया है। दोनों इंडस्ट्री के सेट पर काम कर चुकी एक्ट्रेस ने अपने अनुभव के आधार पर दिलचस्प बातें साझा की हैं। यामिनी का कहना है कि पंजाबी फिल्मों की शूटिंग किसी बड़ी शादी समारोह जैसी होती है, जहां सबकुछ बेहद जीवंत और उत्साह से भरा होता है। उनके मुताबिक, सेट पर हंसी-मजाक, अच्छा खाना और म्यूजिक का माहौल रहता है। काम के दौरान भी यह एक परिवार जैसा लगता है, जिसमें सब एकजुट होते हैं और शूटिंग के बाद भी साथ समय बिताते हैं। रिश्ते बनते हैं और सबका व्यवहार बहुत दोस्ताना होता है। वहीं तेलुगू फिल्मों के सेट पर यामिनी का अनुभव बिल्कुल अलग रहा। उन्होंने बताया कि तेलुगू इंडस्ट्री का माहौल पूरी तरह प्रोफेशनल और सख्त होता है। वहां नियमों और समय का खास ध्यान रखा जाता है।

कलाकार और टेक्नीशियन अपना काम खत्म करते ही सीधे वैनिटी वैन में चले जाते हैं। आपस में बातचीत कम ही होती है और माहौल अक्सर बहुत औपचारिक और कभी-कभी मशीन जैसा महसूस होता है। यामिनी ने कहा कि दोनों इंडस्ट्री की अपनी-अपनी खासियतें हैं और उन्हें दोनों का ही अनुभव पसंद है। उनके मुताबिक, फिल्म की कहानी और विषय के हिसाब से भी सेट का माहौल बदलता है। पंजाबी सेट्स की गर्मजोशी और तेलुगू सेट्स की सख्त प्रोफेशनलिज्म, दोनों में उन्हें अलग-अलग तरह की सीख और मजा मिलता है। यामिनी अब अपने करियर में एक और बड़ा कदम रखने जा रही हैं। वह जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। उनकी पहली हिंदी फिल्म चिल मारना ब्रो रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म कॉमेडी ड्रामा होगी, जिसका निर्देशन तेजस दत्तानी ने किया है।

फिल्म में ढेर सारे ट्विस्ट और हंसी-मजाक का तड़का होगा, जिससे दर्शकों का मनोरंजन होगा। अपनी पहली हिंदी फिल्म को लेकर उत्साहित यामिनी ने कहा,卐एक्टिंग मेरा पैशन है और बॉलीवुड में आना मेरा सपना था, जो अब सच हो रहा है। फिल्म की कहानी बहुत मजेदार है। इसमें कॉमेडी और ट्विस्ट्स का शानदार मिक्स है, जिसे दर्शक जरूर पसंद करेंगे।卐 यामिनी के मुताबिक, वह हर प्रोजेक्ट में कुछ नया सीखने और अनुभव हासिल करने में यकीन रखती हैं और यही उनका सबसे बड़ा मोटिवेशन है।

# यह पूरी तरह निजता का उल्लंघन : रवीना टंडन



मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और स्क्रीनराइटर राहुल मोदी के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसमें वे प्लेन में साथ बैठे नजर आए। वीडियो सामने आने के बाद प्राइवेसी के मुद्दे पर बहस छिड़ गई है। वायरल क्लिप में श्रद्धा और राहुल दोनों व्हाइट कलर के आउटफिट में दिख रहे हैं और इकोनॉमी क्लास में सफर कर रहे हैं। वीडियो में दोनों आपस में बात करते और श्रद्धा, राहुल को अपने फोन में कुछ दिखाते हुए नजर आती हैं। हालांकि यह वीडियो कई लोगों के लिए फैन मोमेंट हो सकता है, लेकिन चोरी-छिपे फिल्माने को लेकर रवीना टंडन ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "यह पूरी तरह निजता का उल्लंघन है। क्रू मेंबर्स को पता होना चाहिए कि ऐसा करना गलत है। वीडियो रिकॉर्ड करने से पहले राज़ी होना चाहिए था। उनसे यह उम्मीद नहीं थी।" रवीना के इस बयान के बाद कई यूजर्स भी उनके समर्थन में उतर आए। एक यूजर ने लिखा, "क्रू मेंबर्स से यह बिल्कुल उम्मीद नहीं होती।" दूसरे यूजर ने कहा, "यह साफ तौर पर प्राइवेसी का उल्लंघन है।"

हालांकि कुछ लोग इसे गलत नहीं मान रहे हैं। उनका तर्क है कि यह एक 'फैन मोमेंट' था और ऐसा अक्सर होता है। बता दें, श्रद्धा और राहुल के डेटिंग की खबरें पिछले साल से ही सामने आने लगी थीं। दोनों को कई बार साथ देखा गया है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन के लिए जामनगर रवाना होते वक्त भी दोनों एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए थे। राहुल मोदी बॉलीवुड के सफल स्क्रीनराइटर माने जाते हैं। उन्होंने 'प्यार का पंचनामा 2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' और 'तू झूठी मैं मक्कार' जैसी हिट फिल्मों की कहानी लिखी है।

# ब्रह्मांड और प्रकृति के रहस्य मेरे दिल के करीब : रुखसार रहमान



मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्ट्रेस रुखसार रहमान अब एक नए अवतार में नजर आएंगी। एक्ट्रेस जल्द ही एक खास चैट शो 'द वेदाज स्पीक' को होस्ट करेंगी। इस शो से जुडने को लेकर रुखसार का कहना है कि उन्हें हमेशा से ब्रह्मांड, ज्योतिष, आध्यात्म और पुराणों की कहानियों में गहरी दिलचस्पी रही है। ये विषय उन्हें बहुत आकर्षक लगते हैं क्योंकि इनमें छिपे रहस्य हमारी जिंदगी को भी प्रभावित करते हैं। रुखसार ने कहा कि इस शो का हिस्सा बनना उनके लिए एक स्वाभाविक चुनाव था क्योंकि यह उनके दिल के बेहद करीब का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के चमत्कार और ब्रह्मांड के रहस्य उन्हें शुरू से ही आकर्षित करते रहे हैं और ये बातें हमें खुद को समझने में मदद करती हैं।

जब उन्हें 'द वेदाज स्पीक' का प्रस्ताव मिला तो उन्होंने इसे खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। उनके मुताबिक यह शो केवल एक सामान्य बातचीत तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक अर्थपूर्ण यात्रा है जिसमें लोग खुद के भीतर झांकने और अपनी असली पहचान से जुड़ने की कोशिश करेंगे। रुखसार ने बताया कि 'द वेदाज स्पीक' बाकी आध्यात्मिक चैट शोज से अलग होगा क्योंकि यह दर्शकों के भीतर बदलाव लाने की कोशिश करेगा और उन्हें खुद को बेहतर समझने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह शो टीवी या ऑनलाइन मौजूद अन्य कार्यक्रमों से अलग हटकर होगा और इसमें आध्यात्मिक विषयों को गंभीर और अर्थपूर्ण तरीके से पेश किया जाएगा।

# रिद्धिमा ने अपनी मां नीतू सिंह के लिए किया इमोशनल पोस्ट



मुंबई (ए.)। मशहूर अभिनेत्री नीतू कपूर के 67वें जन्मदिन पर उनकी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी ने बेहद भावुक और प्यारा सा संदेश साझा किया। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रिद्धिमा ने एक वीडियो कोलाज शेयर किया जिसमें नीतू कपूर अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर, बेटे रणबीर कपूर, बहू आलिया भट्ट और रिद्धिमा के साथ नजर आ रही हैं।

वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, "मां, आप सबसे शानदार महिला हो, जिसे मैं जानती हूं। हर दिन खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि आप मेरी मां हो। आप दुनिया की सारी खुशियों की हकदार हो, आज भी और हमेशा। मैं आपको सबसे ज्यादा प्यार करती हूं। जन्मदिन मुबारक हो, मां।" यह वीडियो पोस्ट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर नीतू कपूर के फैंस और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने भी उन्हें जमकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की दुआ की। वर्कफ्रंट की बात करें तो नीतू कपूर एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के साथ उनकी अगली फिल्म में दिखाई देंगी। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए रिद्धिमा कपूर साहनी भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगी।



## क्या डेब्यू फिल्म में ही डूबी शनाया की लुटिया? फिल्म पर मिली ऐसी प्रतिक्रिया

विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के शुरुआती रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। यह फिल्म लोगों को एक अलग ही अनुभव देगी। आइए जानते हैं फिल्म देखकर लोगों ने इसके बारे में क्या कहा है?

**यूजर को पसंद नहीं आया शनाया का अभिनय**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा है 'सेंसर बोर्ड से पहला रिव्यू। शनाया कपूर की फिल्म में आपका स्वागत है। उनकी परफॉर्मेंस सबसे बुरी रही। यह एक बोरिंग रोमांटिक फिल्म है। निर्माता ने स्क्रिप्ट पर अपने पैसे बर्बाद कर दिए। इसे न देखें। विक्रांत मैसी भी अच्छे नहीं लग रहे हैं।'

**यूजर ने बताया औसत से नीचे**

एक एक्स यूजर को फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' पसंद नहीं आई है। उन्होंने लिखा है 'मालिक और आंखों की गुस्ताखियां का रिव्यू औसत से कम है।'

# समाज में मां को देखने का नजरिया बदला : काजोल



मुंबई (ए.)। हाल ही में अभिनेत्री काजोल ने बॉलीवुड में मां के किरदारों के बदलते स्वरूप पर बेबाकी से बात की। एक्ट्रेस काजोल का मानना है कि सिनेमा में मां की छवि उसी तरह बदली है जैसे समाज में मां को देखने का नजरिया बदला है। काजोल ने कहा कि पहले निरूपा रॉय और नरगिस जैसे आदर्शवादी और बलिदानी मां के किरदार थे, लेकिन अब मां को उसके मजबूत और कमजोर दोनों रूपों में दिखाया जाता है। मीडिया से चर्चा में काजोल ने कहा, "बॉलीवुड की मांएं समाज के साथ-साथ बदली हैं। जिस तरह हम असल जिंदगी में मां को देखते हैं, वही पर्दे पर भी दिखता है। मां हमेशा से मजबूत रही हैं।

'मदर इंडिया' जैसी फिल्में बहुत पहले बन चुकी थीं, जब हम 'मां' जैसी फिल्म के बारे में सोच भी नहीं सकते थे।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मां की ताकत के साथ उसकी कोमलता और नारीत्व भी उतना ही जरूरी है। काजोल के मुताबिक, पहले भी मां मजबूत थीं लेकिन अब एक ऐसी मां को स्वीकार किया जा रहा है जो गलतियां कर सकती है, जो परफेक्ट नहीं है। उन्होंने कहा, "वह सुपरवुमन हो सकती है लेकिन साथ ही कोमल और नारीवादी भी है। पहले हमने मां को आदर्श के पेडेस्टल पर रखा, अब उसे इंसान की तरह देखा जा रहा है।"

इस सवाल पर कि क्या आज की फिल्मों में मां को स्वार्थी, उग्र या कमजोर भी दिखाया जा सकता है, काजोल ने कहा कि यह बदलाव तभी मुमकिन है जब महिलाएं खुद को और दूसरी महिलाओं को उनकी कमियों के साथ स्वीकार करना सीखें। उन्होंने कहा, "यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम एक-दूसरे को कैसे देखते हैं। क्या हम छोटी-छोटी कमियों के लिए माफ कर पाते हैं? जैसे अगर आप अपने बच्चे का स्कूल प्ले मिस कर दें क्योंकि आप काम पर हैं, तो क्या यह कमजोरी है? या यह इंसानी हालात का हिस्सा है?" काजोल का मानना है कि फिल्मों में मां के किरदार को और ज्यादा मानवीय और वास्तविक बनाने की जरूरत है।

# रिलेशनशिप में मिले इन अनुभवों से शादी के नाम से सिहर उठती हैं श्रुति हासन, अब अकेले में हैं खुश



अभिनेत्री श्रुति हासन अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्हें शादी से बहुत डर लगता है। साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री पहले शांतनु हजारिका के साथ रिलेशनशिप में थीं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह शादी के बंधन में बंधने के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन कुछ ऐसा हुआ जिसकी वजह से उनकी शादी टूट गई। चलिए एक नजर डालते हैं कि अभिनेत्री ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में क्या बताया।

**वो मेरी गलती नहीं थी**

श्रुति हासन हाल ही में रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में शामिल हुईं। उन्होंने वहां अपने रिलेशनशिप और निजी जिंदगी के बार में बात कीं। एक्ट्रेस ने अपने पुराने ब्रेकअप के बारे में बात करते हुए कहा कि किसी कारण वश उनका पुराना रिश्ता टूट गया, जिसमें उनकी कोई गलती नहीं थी। वह एक बेमेल रिश्ता था। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें शादी से डर लगता है।

**बच्चों को अपनाऊंगी**

आगे बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं मनोवैज्ञानिक स्तर पर बच्चों को अपनाऊंगी। मैं अपने जीवन में लोगों को परेशान करना और उन्हें जरूरत से ज्यादा ख्याल करना बंद कर दूंगी। एक ऐसे व्यक्ति का साथ दूंगी, जो वास्तव में इसका हकदार है। मुझे लोगों को और अपने दोस्तों को अपने जीवन में बदलते और बढ़ते देखना बहुत पसंद है। मैं यह देखना पसंद करूंगी कि ऐसा उस व्यक्ति के साथ हो जो मुझसे गहराई से जुड़ा हुआ हो।' आगे श्रुति हासन ने बताया कि वह सिंगल हैं और खुद से सबसे ज्यादा प्यार करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह अकेलेपन को अपनाने की कोशिश कर रही हैं और इसे वह अकेलापन कहना पसंद नहीं करतीं, क्योंकि उन्होंने देखा है कि लोग सिर्फ अकेलेपन के डर से रिश्ते चुनते हैं।

**श्रुति हासन का वर्कफ्रंट**

श्रुति हासन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल दो तमिल फिल्मों में नजर आएंगी। एक फिल्म रजनीकांत की 'कुली' है, वहीं दूसरी फिल्म का नाम 'ट्रेन' है। वह प्रभास के साथ एक फिल्म %सालार 2% भी कर रही हैं, इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा है।

# 'बॉर्डर 2' की शूटिंग को लेकर उत्साहित दिखे सुनील शेट्टी के बेटे अहान, शेयर की अहम जानकारी



सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपनी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने इसके बारे में एक पोस्ट किया है।

सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं।

**अहान ने पुणे में पूरी की शूटिंग**

शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।'

**वरुण धवन ने अहान के साथ चाय पी**

इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अहान शेट्टी के साथ चाय और बिस्कुट खा रहे थे। वीडियो क्लिप शेयर करते हुए वरुण धवन ने लिखा 'बॉर्डर 2 चाय और बिस्कुट। एनडीए में शूटिंग पूरी हो गई है। हमने बिस्कुट के साथ सेलेब्रेट किया है।'

**पिता की तरह बनना चाहते हैं अहान**

कुछ दिनों पहले अहान शेट्टी ने 'बॉर्डर 2' से जुड़ने के अपने सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा वह अपने पिता की तरह बनना चाहते थे जो 'बॉर्डर (1997)' में नजर आए थे। उन्होंने अपने पिता और अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा 'हर बेटा कहीं न कहीं अपने बाप जैसा बनना चाहता है। बॉर्डर 2 - 23 जनवरी 2026।'

**फिल्म के बारे में**

आपको बता दें कि 'बॉर्डर 2' का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। फिल्म में भारतीय सेना की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता हैं।

# दिलजीत दोसांझ विवाद पर अजय देवगन ने दी प्रतिक्रिया, बोले- 'इसे बैठकर हल किया जा सकता है'



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का आज 11 जुलाई को ट्रेलर रिलीज किया गया। इस इवेंट के दौरान अभिनेता ने 'सरदार जी 3' फिल्म को लेकर विवादों में फंसे दिलजीत दोसांझ मामले पर कुछ प्रतिक्रिया दी है। चलिए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।

**क्या बोले अजय देवगन?**

'सन ऑफ सरदार 2' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान फिल्म से जुड़े सभी कलाकार मौजूद थे, जिसमें अभिनेता अजय देवगन ने दिलजीत दोसांझ को ट्रोलिंग को लेकर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा, 'देखिए, मुझे नहीं पता कि ट्रोलिंग कहां से आती है, क्या सही है, क्या गलत है। मैं उस पर बात पर टिप्पणी करने के लिए नहीं हूं।' इसके आगे अभिनेता ने कहा, %जब दो अलग-अलग दृष्टिकोण होते हैं, तो मुझे लगता है कि उसे बैठ के हल किया जा सकता है।




## 'बॉर्डर 2' से सामने आया सनी देओल का फौजी लुक, शूटिंग को लेकर दी अहम जानकारी, लिखा- जय हिंद

निर्देशक जे पी दत्ता की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल 'बॉर्डर 2' जल्द ही आने वाला है। आज फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे सनी देओल ने 'बॉर्डर 2' से अपना फौजी लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया और साथ ही फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी भी शेयर की है। इस खुशखबरी को सुनकर सनी के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे।

**सनी देओल का पोस्ट**

सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर एक खास पोस्ट शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। सनी ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना फौजी लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मिशन पूरा हुआ। फौजी, विदा लेता हूं! सबॉर्डर2 के लिए मेरी शूटिंग पूरी हुई। जय हिंद!'

## पिता अपनी बेटियों को बनाता रहा हवस का शिकार, कमरे के बाहर मां कान में लगा लेती इयरफोन, बेटी ने सुनाई खौफनाक आपबीती

न्यू जर्सी (आरएनएस) । अमेरिका में न्यू जर्सी पुलिस चीफ स्कॉट तामागनी की बेटी ने दावा किया कि उसके पिता ने दस सालों तक उसके साथ यौन दुर्व्यवहार किया। कोर्टन तामनगी नामक लड़की ने बताया कि



किस प्रकार उसके पिता, उनके पड़ोसी केविन स्लेविन और कुछ अन्य लोगों ने उसके साथ यौन शोषण किया। एक पोडकास्ट 'वी आर ऑल इनसेन' पर बोलते तामागनी अपनी आपबीती सुनाई। उसने कहा कि उसके पिता अपने पड़ोसियों के साथ मिलकर एक काला जादू या यूं कहें शैतानी अनुष्ठान को अंजाम देते थे। अनुष्ठान के दौरान लोगों ने उसके भाई-बहनों के साथ भी यौन दुर्व्यवहार किया। पॉडकास्ट में तामागनी ने बताया कि एक सुरंग में जाकर उसके पिता और कुछ लोग अजीबोगरीब अनुष्ठान करते। इतना ही नहीं अनुष्ठान के दौरान कई बच्चों और जानवरों को जिंदा जला दिया जाता। तामागनी ने बताया कि साल 2009 से लेकर 2020 तक यानी 4 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक, उसके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया। तामागनी ने आगे बताया कि उसके पिता ने उसकी मां को धमकी दी थी कि अगर इसके बारे में उसने किसी को बताया तो वो उसे भी मार डालेगा। तामागनी की बहनों को भी उसके पिता ने अपना शिकार बनाया। उसने कहा कि बहनों को ड्रग देकर बेहोश कर दिया जाता और उसके साथ दुष्कर्म किया जाता। इस दौरान उनकी मां या तो बाहर रहती या कान में इयरफोन लगा लेती।

## बलूचिस्तान में 9 यात्रियों की दर्दनाक हत्या, बसों से उतारकर एक-एक को मारी गई गोली

क्वेटा (आरएनएस) । पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 9 लोगों की हत्या कर दी है। हथियारबंद लोगों के एक ग्रुप ने बसों में सवार इन यात्रियों का अपहरण किया। उसके बाद हमलावरों ने कथित तौर पर सभी 9 लोगों को गोली मार दी। बलूचिस्तान के झोब और लोरलाई जिलों की सीमा पर स्थित सुर-दकई इलाके में यह घटना हुई।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ये बसें पंजाब प्रांत की ओर जा रही थीं। हथियारबंद लोगों के एक ग्रुप ने सड़क जाम कर इन बसों को रोक लिया। एन-70 राजमार्ग के पास सुर-दकई इलाके में बसों को रोका गया। हमलावरों ने कुछ यात्रियों की पहचान की और हथियार के बल पर 9 लोगों को बसों से उतार लिया। 9 लोगों का अपहरण करने के बाद हमलावरों ने बसों को जाने दिया। रिपोर्ट के अनुसार, एक यात्री ने बताया, उन्होंने 9 यात्रियों को पकड़ा था। एक बस से 7 और दूसरी बस से 2 लोगों को उतारा गया था। मुझे नहीं पता कि उन्होंने उनके साथ क्या किया, लेकिन जब हम निकल रहे थे तो गोलियों की आवाज सुनी। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि यात्रियों का गुरुवार शाम बसों से अपहरण किया गया था। एक अन्य सरकारी अधिकारी नवीद आलम ने बताया कि उनके शव पहाड़ियों में मिले। इन पर गोलियों के निशान थे। रिपोर्ट के अनुसार, झोब के सहायक आयुक्त नवीद आलम ने घटना की पुष्टि की है।

## ब्रिटेन के सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की दुर्दशा पर उठाया सवाल, यूनुस सरकार के खिलाफ कार्रवाई का किया आह्वान

लंदन (आरएनएस) । बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर ब्रिटेन के कई प्रमुख राजनेता, पूर्व और वर्तमान सांसद, मानवाधिकार कार्यकर्ता और विभिन्न धार्मिक समुदायों के सदस्यों ने आवाज उठाई है। उन्होंने पीएम कीर स्टार्मर सरकार से आग्रह किया है कि वह बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

कंजर्वेटिव फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश (सीएफओबी) की ओर से आयोजित एक सेमिनार में, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि जब यूनुस ने शेख हसीना की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई अवामी लीग सरकार के हटने के बाद अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला, तब (5 अगस्त से 20 सितंबर, 2024 के बीच) हिंदुओं के खिलाफ 2,010 हिंसक घटनाएं हुईं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा जारी रही और 21 सितंबर से 31 दिसंबर 2024 के बीच 174, 1 जनवरी से



30 जून 2025 के बीच 258 घटनाएं दर्ज की गई। बताया गया कि, बांग्लादेश में पुलिस और सेना मूकदर्शक बनी हुई है। पिछले 11 महीनों में यूनुस की 'गैर-जिम्मेदार, अपारदर्शी, गैर-निर्वाचित सरकार' ने 168 पत्रकारों का पंजीकरण रद्द कर दिया और 43 पत्रकारों को जेल में डाल दिया। सेमिनार की शुरुआत सीएफओबी अध्यक्ष अंजेनारा रहमान-हक ने की और इसकी अध्यक्षता हैरो ईस्ट के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने की, जो 1922 समिति के अध्यक्ष, 2024 से बैकबेंच बिजनेस कमेटी के अध्यक्ष और कंजर्वेटिव फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश (सीएफओबी) के संसदीय अध्यक्ष भी हैं।

वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यक बांग्लादेश के आर्थिक विकास और राजनीतिक स्थिरता में योगदान करते हैं और राजनीति में उनका आनुपातिक प्रतिनिधित्व होना चाहिए ताकि अल्पसंख्यक न्याय, शांति और सद्भाव की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें। ब्रिटेन के यूनाइटेड हिंदू अलायंस के हराधन भौमिक ने कहा कि हिंदू दहशत में जी रहे हैं। वे घर पर चैन से सो नहीं सकते, क्योंकि उन्हें नहीं पता है कि कल क्या होगा। उन्होंने कहा कि 26 जून को मुरादनगर में एक हिंदू महिला के साथ कुमिला के एक स्थानीय राजनेता ने बलात्कार किया और उसके नग्न शरीर के वीडियो दुनिया भर में सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए।



माल्टा में फैशन वीक के दौरान परिधानों को पेश करती हुई एक मॉडल।

## अमेरिका ने नागरिकों को दी सख्त चेतावनी, किसी भी हालत में न करें ईरान यात्रा

वांशिगटन (आरएनएस) । अमेरिका और ईरान के बीच हालात फिर तनाव की ओर बढ़ रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए अमेरिका ने अपने नागरिकों को ईरान नहीं जाने की सलाह दी है। अमेरिका की ओर से ईरान यात्रा को लेकर नई एडवाइजरी जारी की गई, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नागरिकों को किसी भी स्थिति में ईरान की यात्रा नहीं करनी चाहिए।

अमेरिकी विदेश विभाग के वाणिज्य दूतावास कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, अमेरिकी नागरिकों को किसी भी कारण से ईरान नहीं जाना चाहिए। ईरान में अमेरिकी नागरिकों को बिना किसी चेतावनी और अपराध का कोई सबूत दिए अगवा किया गया है और गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। इनमें दोहरी नागरिकता (यूएस-ईरानी) रखने वाले नागरिक भी शामिल हैं। कुछ को झूठे आरोपों में सालों तक कैद रखा गया, मानसिक यातना दी गई और यहां तक कि मौत की सजा भी सुनाई गई है। सिर्फ अमेरिकी पासपोर्ट होना या अमेरिका से संबंध होना ही ईरानी अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी का कारण बन सकता है।

## रुस पर दबाव बनाने भारत को मोहरा बना सकता है अमेरिका, लगा सकता है 500 प्रतिशत टैरिफ

वॉशिंगटन (ए)। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत को मोहरा बनाने की तैयारी में है। ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि वह रूस पर प्रतिबंध लगाने के नए कानून के समर्थन पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। यह प्रस्तावित कानून रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालने के मकसद से तैयार किया गया है, ताकि यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त किया जा सके। इस बिल में भारत और चीन जैसे देशों पर रूसी एनर्जी प्रोडक्ट्स की खरीद जारी रखने के लिए 500 फीसदी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है।

यह विधेयक अप्रैल में सीनेटर लिंडसे ग्राहम की ओर से पेश किया गया था, जो ट्रंप के करीबी माने जाते हैं। बिल के अंतर्गत प्रावधान है कि रूसी तेल, गैस, यूरेनियम और



पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने वाले देशों पर सख्त पेनल्टी लगाई जाएगी। रूसी कंपनियों, सरकारी संस्थानों और वरिष्ठ अधिकारियों पर भी व्यापक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। ग्राहम ने कहा कि ट्रंप ने इस विधेयक को आगे बढ़ाने के लिए सांसदों को प्रोत्साहित किया था। यह एक बड़ा ब्रेकथ्रू है, उन्होंने कहा, यह ट्रंप की पुतिन के साथ भविष्य की बातचीत को मजबूत करेगा। ग्राहम ने स्पष्ट किया कि यह बिल उन देशों को निशाना बनाता है जिनकी तेल खरीद रूस की युद्ध-नीति को आर्थिक समर्थन देती है।

उन्होंने कहा, अगर आप रूस से उत्पाद खरीद रहे हैं और यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे हैं, तो आपके उत्पादों पर अमेरिका में 500 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत और चीन मिलकर रूस के करीब 70 प्रतिशत तेल निर्यात के लिए जिम्मेदार हैं। यह कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को एक बार 180 दिनों की छूट देने की अनुमति देता है, बशर्ते यह अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों में हो। रिपोर्ट के मुताबिक, सांसद ऐसे संशोधनों पर भी विचार कर रहे हैं जिससे दूसरी बार भी छूट दी जा सके।

ट्रंप ने एक कैबिनेट बैठक में कहा, मैं इस पर विचार कर रहा हूं।

## संसद परिसर में ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त मामले में अब तक पांच गिरफ्तार

काठमांडू,(ए.)। नेपाल की संसद परिसर में ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक कॉलेज के प्रोफेसर और चार छात्रों को पुलिस ने अब तक गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए गिरफ्तारी की पुष्टि की है।बताया गया है कि प्रोफेसर और छात्रों ने मिलकर ही ड्रोन का निर्माण किया था और यह परीक्षण के दौरान संसद भवन परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। काठमांडू मेट्रोपॉलिटन पुलिस के प्रवक्ता अपिल बोहरा के अनुसार, ड्रोन मंगलवार को संसद भवन की छत पर पाया गया था, जो कि 'नो-फ्लाई जोन' में है। पुलिस ने इस मामले में अब तक टेकस्पायर कॉलेज के एक प्रोफेसर और चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने शंका जाहिर की है कि ऐसा प्रतीत होता है कि ड्रोन को कॉलेज से ही उड़ाया गया था। टेकस्पायर कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मण पोखरेल ने इस मामले में कहा कि छात्र और शिक्षक ड्रोन का परीक्षण कर रहे थे, तभी ड्रोन की उड़ान संचालित की गई,

# खेल समाचार

## जब अंपायर पर बरसे 'कप्तान' गिल! गेंद बदलने पर मचा घमासान, गरमाया लॉर्ड्स का माहौल




लंदन (आरएनएस) । भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को गेंद बदलने को लेकर भारतीय कप्तान शुभमन गिल और अंपायर के बीच तीखी बहस हो गई। कप्तान गिल इतने नाराज हुए कि उन्होंने अंपायर के हाथ से गेंद तक छीन ली। इस विवाद में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी शामिल थे और उन्होंने भी अंपायर के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई।यह पूरा बवाल मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की पारी के 91वें ओवर में हुआ। हुआ यूं कि मोहम्मद सिराज ने गेंद का आकार बदलने की शिकायत अंपायर सैकत शरफुद्दौला से की। भारत ने यह नई गेंद महज 10.3 ओवर पहले ही ली थी। अंपायर ने जांच में गेंद का शेप बदला हुआ पाया और उसे बदलने का फैसला किया।जब अंपायरों ने बॉक्स में से एक दूसरी गेंद चुनकर भारतीय टीम को दी, तो कप्तान गिल ने तुरंत इस पर आपत्ति जताई। गिल का तर्क था कि यह गेंद कहीं से भी 10-11 ओवर पुरानी नहीं लग रही थी, जबकि नियम के अनुसार, बदली जाने वाली गेंद की स्थिति लगभग पुरानी गेंद जैसी ही होनी चाहिए।अंपायर शरफुद्दौला ने गिल की दलील को खारिज कर दिया, जिससे भारतीय कप्तान भड़क गए। उन्होंने गुस्से में अंपायर के हाथ से गेंद छीनी और उनसे बहस करने लगे। इसके बाद मोहम्मद सिराज और आकाश दीप ने भी गेंद की स्थिति पर सवाल उठाए। सिराज भी अंपायर के पास पहुंचे और कहा कि यह गेंद कहीं से भी 10 ओवर पुरानी नहीं लग रही है, लेकिन अंपायर ने उन्हें गेंदबाजी के लिए वापस जाने को कह दिया। इस दौरान कमेंट्री कर रहे पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी टीम इंडिया का समर्थन किया। गावस्कर ने साफ कहा कि जो गेंद भारतीय टीम को दी गई, वह 10 नहीं बल्कि 20 ओवर पुरानी लग रही थी क्योंकि उसमें वैसी चमक नहीं थी, जो पिछली गेंद में थी। वहीं, चेतेश्वर पुजारा ने भी इस बात पर गौर किया कि नई गेंद आने के बाद से भारतीय गेंदबाजों को पहले जैसी स्विंग मिलनी बंद हो गई थी। इस घटना ने एक बार फिर सीरीज में इस्तेमाल हो रही ड्यूक्स गेंदों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सूर्यकुमार यादव ने किया खुलासा, अगर टेनिस खेलते तो किसे चुनते अपना डबल्स पार्टनर

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हाल ही में अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट देखने पहुंचे। उन्होंने इस दौरान खुलासा किया कि वह अपने डबल्स जोड़ीदार के तौर पर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देखना पसंद करेंगे। सूर्यकुमार पहली बार विंबलडन देखने के लिए पहुंचे। वहां मौजूदगी से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। विंबलडन ने भी उनकी एक फोटो शेयर की और लिखा - एसडब्ल्यू19 में रौनक लेकर आए सूर्यकुमार यादव! आपको यहां पाकर खुशी हुई। टेनिस के प्रति अपनी रुचि के बारे में सूर्यकुमार ने बताया, मैं




टीवी पर टेनिस बहुत देखता हूँ। सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में हमेशा सुना करता था, खासकर जब खिलाड़ी वहां प्रवेश करते हैं। अब इसे सामने से महसूस कर रहा हूं, यह बहुत ही खास अनुभव है। जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें किसी क्रिकेटर को टेनिस डबल्स (जोड़ी में खेला जाने वाला) पार्टनर चुनना हो, तो वे किसे चुनेंगे? इस पर उन्होंने कहा, बिलकुल एमएस धोनी को। वह तेज हैं, सहनशक्ति बहुत ज्यादा है और मानसिक रूप से बेहद मजबूत हैं। और हाल ही में जब वे क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं, तो मैंने उन्हें कई बार टेनिस खेलते देखा है। इसलिए मेरी पहली पसंद वही होंगे।अपने पहले विंबलडन दौरे के अनुभव पर सूर्यकुमार ने बताया, मैं पहली बार यहां आया हूं और चाहता था कि सब कुछ एकदम सही हो। सच कहूं तो मेरी पत्नी देविशा ने मेरी बहुत मदद की।

## भारत को बीच मैच में लगा बड़ा झटका, ऋषभ पंत चोटिल होकर हुए मैदान से बाहर

### -ध्रुव जुरेल ने संभाले दस्ताने

लॉर्ड्स(ए.)। टीम इंडिया को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले ही दिन बड़ा झटका लगा है. भारत के लिए हेडिंग्ले और एजबेस्टन में बल्ले से धमाल मचाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर हो गए हैं. उनकी चोट कितनी गंभीर है इस पर अभी कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है.

ऋषभ पंत को उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ गया. उनकी जगह विकल्प के तौर पर ध्रुव जुरेल को विकेट के पीछे उतारा गया. यह घटना लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर के दौरान हुई, जब जसप्रीत बुमराह की एक गेंद उनके बाएं हाथ की उंगली में लग गई. 27 वर्षीय इस खिलाड़ी को भारतीय टीम के फिजियो ने तुरंत उपचार दिया और इसके बाद वो मैदान बने रहे और खेलते रहे.

ऋषभ पंत दूसरे सत्र के दौरान असहज महसूस करते हुए मैदान से बाहर चले गए और उनकी जगह सबस्टिट्यूट के रूप में विकेटकीपर जुरेल को मैदान पर उतारा गया. बाएं हाथ का यह बल्लेबाज शानदार फॉर्म में है और अब तक दोनों टेस्ट मैचों में 342 रन बना चुका है. जो इस सीरीज में किसी भी बल्लेबाज का तीसरा सबसे ज्यादा स्कोर है. पंत के बल्ले से शानदार प्रदर्शन में पहले टेस्ट में लगातार दो शतक और दूसरे टेस्ट में एक अर्धशतक शामिल है.

इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. अब तक इंग्लैंड की टीम 51 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 165 रन बना चुकी है. इंग्लैंड की ओर से जो रूट ने शानदार पारी खेली और अर्धशतक पूरा कर लिया है. रूट 57 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं.

## 5 बॉल पर 5 विकेट लेकर आयरिश गेंदबाज कर्टिस कैंफर ने मचाया तहलका, बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली(ए.)। टी20 क्रिकेट में गेंदबाजी करना किसी भी गेंदबाज के लिए आसान नहीं है क्योंकि गेंदबाज को अपनी क्षमता दिखाने के लिए केवल चार ओवर ही मिलते हैं. फिर भी टी20 क्रिकेट में हर दिन रिकॉर्ड टूटते या बनते रहते हैं. अब आयरिश ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर ने क्रिकेट में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है जो पहले कभी नहीं देखी गई. आयरलैंड ने लगातार पांच गेंदों पर विकेट लेकर इतिहास रच दिया है.

आयरलैंड में आयोजित घरेलू टी20 टूर्नामेंट (इंटर-प्रांतीय टी20 ट्रॉफी) के दौरान मुंस्टर रेड्स की ओर से खेलते हुए कर्टिस कैंफर ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ 12वां ओवर फेंका और ओवर की 5वीं गेंद पर गेरोड विल्सन को आउट कर दिया. इसके बाद आखिरी गेंद पर ग्राहम ह्यूम एलबीडब्ल्यू आउट हो गए. इस प्रकार उन्होंने दो गेंदों पर विकेट ले लिए. इसके बाद उन्होंने मैच का 14वां ओवर फेंका. उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्रायन को आउट कर अपनी हैट्रिक पूरी की.

इसके बाद उन्होंने अगली दो गेंदों पर रॉबी मिलर और जोश विल्सन के विकेट लिए. इस प्रकार उन्होंने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट लिए और ऐसा कारनामा करने वाले वो दुनिया के पहले मेंस गेंदबाज बन गए. उनसे पहले यह उपलब्धि जिम्बाब्वे की महिला ऑलराउंडर केलिस नधलोवु को मिली है, जिन्होंने 2024 में घरेलू टी-20 मैच में ईगल्स विमेन के खिलाफ पांच गेंदों में पांच विकेट लिए थे. बता दें कि, क्रिकेट की दुनिया में जब भी कोई गेंदबाज चार गेंदों पर चार विकेट लेता है तो उसे डबल हैट्रिक कहा जाता है, यहां वह डबल हैट्रिक से आगे निकल गए हैं.

कर्टिस कैंफर ने मैच के शुरुआती दौर में बल्लेबाजी करते हुए भी अच्छा प्रदर्शन किया. उन्होंने मुंस्टर रेड्स के लिए 24 गेंदों पर 44 रन बनाए. उनके अलावा पीटर मूर ने 35 रनों का योगदान दिया. स्टीफन डोडानी और स्पिनिल ने 27-27 रन बनाए. इन खिलाड़ियों की बदौलत ही टीम 188 रन बना पाई. इसके बाद नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स की टीम महज 88 रन पर सिमट गई. कैंफर को गेंदबाजी और बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला.

## किशोर कुमार साधक ने इंग्लैंड में मचाया धमाल, लगातार 2 ओवर में 2 हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

नई दिल्ली, (आरएनएस) । क्रिकेट में हैट्रिक लेना हर गेंदबाज का सपना होता है. हाल के दिनों में हैट्रिक लेना मुश्किल हो गया है क्योंकि बल्लेबाजों का दबदबा क्रिकेट के मैदान पर टी20 फॉर्मेट की वजह से हावी होने लगा है. लेकिन एक गेंदबाज है जिसने लगातार दो ओवरों में दो हैट्रिक लेकर रिकॉर्ड बनाया है.

जी हां, इंग्लैंड के सफोल्क काउंटी में 37 वर्षीय स्पिन गेंदबाज किशोर कुमार साधक ने यह रिकॉर्ड बनाया है, जिससे वह यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं और भारतीय मूल के भी पहले गेंदबाज बन गए हैं.

साधक ने यह उपलब्धि ब्रिटेन में आयोजित काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन में केसग्रेव के खिलाफ एक मैच में इप्सविच और कोलचेस्टर क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए हासिल की. उन्होंने लगातार दो ओवरों में दो हैट्रिक विकेट लिए और इतिहास रच दिया.

इस मैच में उन्होंने कुल 21 रन देकर 6 विकेट हासिल किए. साधक ने कुल छह ओवर फेंके और पांच बल्लेबाजों को शून्य पर आउट किया. उन्होंने पांच बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड किया तो वहीं एक बल्लेबाजों को कैच आउट कराया. कोलचेस्टर को अपनी गेंदबाजी की बदौलत मैच 7 विकेट से जीत दिलाई. इस मैच के बाद किशोर कुमार ने कहा कि, इस उन्हें कई लोगों के फोन कॉल आए हैं.

## कार्लसन का दिमाग लाजवाब.. बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया



नई दिल्ली (आरएनएस) । शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की।कार्लसन ने 53 चालों के बाद एआई को हार मानने पर मजबूर कर दिया। अपनी जीत के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए, कार्लसन ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं कभी-कभी यात्रा करते समय ऊब जाता हूँ। तस्वीरों में चैटजीपीटी अपनी हार स्वीकार करते हुए कह रहा है, मेरे सारे मोहरे चले गए हैं। आपने एक भी मोहरा नहीं गंवाया है। आपने अपनी जीत की शर्त पूरी तरह से पूरी कीज जैसा कि तय हुआ था, मैं हार मानता हूँ। यह व्यवस्थित, साफ और सटीक था। कार्लसन ने एआई की रचनात्मक आलोचना भी की, और कहा, मुझे लगता है कि आपने शुरुआत में बहुत अच्छा खेला, एक दिलचस्प पीस सैक बनाया, लेकिन उसका सही ढंग से पालन नहीं कर पाए।

## कमाई में भी पीछे नहीं हैं गावस्कर , करोड़ों में है नेटवर्थ

मुम्बई (ए.)। लिटिल मास्टर के रुप में लोकप्रिय रहे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर 76 वर्ष की उम्र में भी क्रिकेट से मोटी कमाई कर रहे हैं। खेल से संन्यास के बाद गावस्कर कमेंट्री से जुड़ गये थे। अपने अंदाज के कारण गावस्कर ने कमेंटेटर के तौर पर अलग पहचान बनायी है। संन्यास के कई साल बीत जाने के बाद भी गावस्कर के पास करोड़ों के विज्ञापन हैं। उनके पास महंगी लक्जरी गाड़ियां हैं। उनके पास देश में ही नहीं विदेश में भी संपत्ति है। उनकी नेटवर्थ में लगातार बढ़ रही है। उन्हें बीसीसीआई से भी हर महीने पेंशन की राशि मिलती है।

## राधा यादव की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारत ए टीम

### श्रेयंका और टिटास शामिल

मुम्बई (ए.)। साधू यादव की कप्तानी में भारत ए महिला टीम क्रिकेट टीम अगले माह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को भी को इस टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भारत ए टीम सात से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवीसय और चार दिवसीय मैच खेलेगी। श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से ही फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर हैं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही शामिल कर लिया है। टिटास फिट नहीं होने के कारण श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के अलावा इंग्लैंड में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भी शामिल नहीं की गयीं थी।श्रेयंका बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से अनुमति मिलने के बाद ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेल पायेंगी। वहीं टिटास को खेलने की मंजूरी मिल गयी है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



सीहोर( निप्र)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा ग्राम करंजखेड़ा में पौधरोपण किया। इस अवसर पर ने पर्यावरण और रोपित किए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। इसके साथ ही सभी ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सीहोर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अमानक फफूंदनाशक दवा बनाने वाली कंपनी यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज के सभी उत्पाद जिले में प्रतिबंधित

सीहोर( निप्र)। अमानक फफूंदनाशक दवा SPUR 709 बनाने वाली कंपनी यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज की सभी कीटनाशक, फफूंदनाशक दवाओं सहित सभी उत्पादों की जिले में बिक्री, भंडारण, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने इस संबंध में विभाग के संचालक को दवा की बिक्री को संपूर्ण राज्य में प्रतिबंधित करने के लिए पत्र भी लिखा है। उल्लेखनीय है कि इस कंपनी द्वारा उत्पादित फफूंदनाशक SPUR 709 के उपयोग के संबंध में किसानों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है। किसानों ने बताया है कि इस दवा के प्रयोग के बाद सोयाबीन की फसल में अंकुरण के उपरांत फसल की बढ़वार नहीं हुई और अवरूद्ध विकास के कारण पूरी फसल नष्ट हो गई। जिससे किसानों को भारी आर्थिक हानि हुई है। निर्माता कंपनी को किसानों की समस्या के निराकरण के लिए कई बार संपर्क किया गया, पर कंपनी ने कोई रुचि नहीं ली। विभाग द्वारा शिकायतों के परीक्षण एवं क्षेत्रीय निरीक्षण के बाद यह दवा संदिग्ध गुणवत्ता की प्रतीत हुई है। इसके साथ ही कंपनी ने कीटनाशी अधिनियम का भी उल्लंघन किया है। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए यह इस दवा SPUR 709 को बनाने वाली कंपनी यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज पर कार्रवाई की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक श्री अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा कंपनी की दवा SPUR-709 के साथ ही कंपनी द्वारा बनाए जाने वाले सभी उत्पादों की बिक्री, भंडारण, वितरण और उपयोग को जिले की सीमा में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## जिले की सीमा के बाहर उर्वरकों का निर्यात प्रतिबंधित

सीहोर(निप्र)। जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं किसानों को समय पर आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उर्वरकों का जिले से बाहर अनियमित रूप से स्थानांतरण एवं निर्यात प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिले के सभी उर्वरक आदान विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि जिले की राजस्व सीमा के बाहर उर्वरकों का निर्यात न किया जाए। यदि किसी विशेष परिस्थिति में उर्वरकों का जिले से बाहर स्थानांतरण आवश्यक हो तो कृषि विभाग के उपसंचालक से पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# तहसील चौराहे से ..बा-कलम घुमक्कड़




हर जगह घूमकर सारी जानकारी देश, विदेश, प्रदेश, नगर की रखता है, इसीलिए इसका नाम घुमक्कड पड़ गया इसकी जानकारियां और सोच का कोई सानी नहीं है, इसकी अभिव्यक्ति बेबाक है, जो दैनिक क्षितिज किरण में व्यक्त करता रहता है।

### अब विदेशी फंडिंग से संवरेगी राजधानी

(पत्रिका)

घुमक्कड़ की समझ के बाहर है कि जब इतना टैक्स जनता दे रही है तो विदेशों से भीख मांगने की क्या आवश्यकता है क्यों हमें कर्जदार बना रहे हो?

### आर्थिक रुप से कमजोर प्रशिक्षणार्थियों की पहचान कर सुनिश्चित की जाए शुल्क सहायता

(दैनिक क्षितिज किरण,सीहोर)

घुमक्कड़, सराहनीय कदम है अगर यह सही से लागू हो तब, क्योंकि कलेक्टर महोदय ने तो यह कह दिया उन्हें निगरानी भी करनी होगी।

### वेस्ट टू एनर्जी प्लांट फेल...336 करोड़ खर्च कर विदेशी तकनीक के ऐसे प्लांट लगा दिए, जिनके लिए यहां सूखा कचरा ही नहीं मिल रहा

(दैनिक भास्कर)

बिना सोचे समझे कमीशन खोरी के चक्कर में खरीदी हो रही है और जनता के पैसे को क्यों उड़ाया जा रहा? घुमक्कड़, जनता को सड़क पर आकर विरोध करना चाहिए।

### सांदीपनि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केन्द्र बनकर उभरे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

(दैनिक क्षितिज किरण नर्मदापुरम)

घुमक्कड़, मुख्यमंत्री जी सत्य वचन, आपके कार्यकाल में यह सभी सरकारी स्कूलों में लागू हो तो वाकई कल्याण हो जायेगा।

### सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर बिना परीक्षा के मेडिकल टीचर बन सकेंगे

(दैनिक भास्कर)

घुमक्कड़ ये क्या हो रहा है जिनने खुद पढ़ाई नहीं की वह क्या पढायेंगे।

### जब तक सड़कें रहेंगी, तब तक गड्ढे होते रहेंगे.....

(दैनिक क्षितिज किरण,जबलपुर)

घुमक्कड़, मंत्री जी दुबई की सड़कें वर्षों तक खराब नहीं हो, भ्रष्टाचार बंद हो तो हमारे यहाँ भी सब ठीक हो सकता है। इच्छा शक्ति की आवश्यकता है।

### बिना सर्जन के हमीदिया का कैंसर विभाग, जांच के लिए मशीन तक नहीं

(पत्रिका)

घुमक्कड़, अंधेरगर्दी मची हुई है कोई देखने वाला नहीं है हाल यह है कि इमरजेंसी में एक्सरे करवाने के लिए काफी दूर जाना पड़ता है कई बार शिकायत के बाद कुछ नहीं हुआ।

### गुरु पूर्णिमा के पावर पर्व पर जसपाल अरोरा ने लिया गुरुओं का आशीर्वाद

(दैनिक क्षितिज किरण सीहोर)

घुमक्कड़, गुरूओं का आशिर्वाद तो ठीक, परन्तु जनता का आशिर्वाद ज्यादा मायने रखता है उसके लिए साफ-सफाई, पानी की सप्लाई ऐसी चीजे आवश्यक है।

### मप्र में 1696 पते ऐसे, जहां एक घर में 100-100 वोटर रजिस्टर्ड

(दैनिक भास्कर)

घुमक्कड़, ऐसा लगता है चुनाव नहीं धोखाधडी हो रही है ये कौन कर रहा है उन्हें सजा मिलनी चाहिए। लोकतंत्र के हित में नहीं है।

# अत्याचार के खिलाफ धरना देंगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका



सीहोर (निप्र)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं पर देश में बढ़ते अन्याय अत्याचार के खिलाफ मध्य प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता 14 जुलाई एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित मध्य प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिला अध्यक्ष उषा राठौर ने बताया कि 14 जुलाई को होने वाले धरना प्रदर्शन की सूचना जिला कलेक्टर और विभागीय अधिकारियों को लिखित में दे दी गई है।म.प्र. आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ सम्वद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश आव्हान पर यह धरना प्रदर्शन आयोजित होने जा रहा है। बस स्टैंड स्थित गीता भवन में जिले भर की कार्यकर्ता और सहायिका एकत्रित होंगी। यहां अपनी आवाज को बुलंद करेगी इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को दिया जाएगा आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ समृद्ध भारतीय मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं सहायिकाओं से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है।

# अखिल भारतीय तेली महासभा के युवा विंग जिलाध्यक्ष बने राजकुमार राठौर

सीहोर ( निप्र)। अखिल भारतीय तेली महासभा हिन्दु तेली समाज का एक सशक्त राष्ट्रीय संगठन है। संगठन के राष्ट्रीय महिला संरक्षक यशोदा बेन मोदी, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक तेली रविकरण साहु, राष्ट्रीय अध्यक्ष तेली बाबुलाल राठौर, म.प्र. प्रभारी तेली गिरधारी लाल राठौर, म.प्र.संरक्षक तेली हिरालाल बलसोरा, राष्ट्रीय महासचिव रामलक्ष्मण साहू, प्रदेश महासचिव तेली समरथ साहु एड्व्होकेट की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष तेली राधेश्याम अस्तोलिया द्वारा राजकुमार राठौर को सीहोर जिला युवा अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। संगठन के प्रति राजकुमार राठौर सेवा भावना, कर्मठता, जागरूकता एवं कर्तव्यनिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही आशा व्यक्त की गई है कि कि आप सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ महासभा के भावी योजनाओं को कार्यरूप में परिणित करने में सक्रियतापूर्वक योगदान करते हुए समाज में एक नया किर्तिमान स्थापित करने में आपका योगदान प्रदान करेंगे।

# आईईएस सीबीएसई क्लस्टर टेबिल-टेनिस में आईईएस की टीम सेमी फाइनल में प्रवेश

## 13 जुलाई को खेला जाएगा प्रतियोगिता का फाइनल



सीहोर( निप्र)। पिछले 2 वर्ष की सफलता के बाद इस वर्ष भी आईईएस पब्लिक स्कूल में 4 दिवसीय मेगा सीबीएसई क्लस्टर स्टेट लेवल टेबल टैनिस बॉय्ज़ एवं गर्ल्स कम्पटीशन का आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल के टेबल टैनिस कोर्ट में किया जा रहा है। सीबीएसई क्लस्टर टेबिल-टेनिस टूर्नामेंट मे 14, 17 एवं 19 वर्ष के एज ग्रुप केबॉय्ज़ एवं गर्ल्स के बीच मुक़ाबले खेले जा रहे है। जिसमे मध्य प्रदेश के सभी सीबीएसई स्कूल में से 500 से आधिक प्रतिभागीयो ने हिस्सा लिया एवं अपने जौहर दिखाए।आईईएस पब्लिक स्कूल मेगा सीबीएसई क्लस्टर टेबल टैनिस बॉय्ज़ एवं गर्ल्स कम्पटीशन के दूसरे दिन आईईएस पब्लिक स्कूल गर्ल्स की टीम ने पोद्दार इन्टरनैशनल स्कूल भोपल को हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। वही अन्डर 14 बॉय्ज़ वर्ग से एसआईसीए 78 ने एसपीएस भोपाल को मात दी, एडवांस अकादमी इंदौर-डीपीएस भोपाल से जीत, डीपीएस नीलबाद भोपाल ने एसआईसीए निपानिया को हराया एसआईसीए 2 ने वीआईटी सतना की टीम से जीत हस्सिल की एवं श्री सत्य साईं ने एसवीएम को हराकर सेमी फाइनल मई प्रवेश किया वही गर्ल्स वर्ग से अंडर-14 से शिशुकुंज नॉर्थ कैंप ने एसपीएस भोपाल को हराया एवं शिशुकुंज इंटरनेशनल ने टाइम्स स्कूल को हर कर अगले दौर में प्रवेश किया।

# कन्या शिक्षा परिसर में मस्ती की पाठशाला



सीहोर( निप्र)। बालिकाओं को दिया जा रहा व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 6 वीं की 60 बालिकाओं का 7 दिवसीय ओरिएंटेशन शिविर मस्ती की पाठशाला का भव्य शुभारंभ हुआ जो आगामी 17 जुलाई जारी रहेगा। इस 7 दिवसीय शिविर का उद्देश्य बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से न केवल अनुशासन एवं समय पालन जैसी गुणों का भी विकास किया जाएगा। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से बालिकाओं की छिपी प्रतिभा को निखारकर, उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना इस शिविर का प्रमुख लक्ष्य है, जिससे वे स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर होकर जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस उद्घाटन सत्र में विद्यालय उप प्रबंधक संदीप मौर्या तथा प्राचार्या श्रीमती मीना शिवदसानी एवं संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाएं व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# कार्य में गंभीर लापरवाही बरतकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग

## ड्यूटी समय में निजी क्लीनिक पर बैठने वाले चिकित्सक पर हो कड़ी कार्रवाई - पंकज शर्मा



सीहोर( निप्र)। जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने अपने कार्य में घोर लापरवाही बरतकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले जिले के सबसे बड़े सीहोर जिला अस्पताल के चिकित्सक फैजल अंसारी पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा अब तक कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई ना किए जाने का मामला उठाया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर जिला अस्पताल में आए दिन अनियमितताओं की खबरें सामने आती रहती हैं, जिनसे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉक्टर फैजल अंसारी ने तो लापरवाही और मनमानी की सारी सीमाएं ही पार करते हुए अपनी ड्यूटी के समय दो किराए के डॉक्टरों को अस्पताल में लगाकर स्वयं अपने निजी क्लीनिक पर मरीजों को देखने का कारनामा कर मरीजों के स्वास्थ्य से गंभीर खिलवाड़ किया था, जिसके सारे सबूत भी सामने आए थे और इस मामले में उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए थी लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इस पूरे मामले को रफा-दफा कर दिया।

पंकज शर्मा ने कहा कि ये जनता के स्वास्थ्य और जीवन से सीधा जुड़ा मामला है और इस चिकित्सक की ये गंभीर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती है इसलिए इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा डॉक्टर फैजल अंसारी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि आगे से कोई और डॉक्टर गरीब मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का साहस ना कर सके तथा अपने इलाज के लिए जिले के सबसे बड़े सीहोर जिला अस्पताल आने वाले गरीब मरीजों और उनके परिजनों को मुफ्त में बिना किसी परेशानी के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग़ मुंगालिया, भोपाल

Fax & Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 805/तक/का0यं0/लो0स्वा0/मैके0खण्ड/भोपाल/2025/दिनांक 07/07/2025

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/2025-26 दिनांक 07.07.2025 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2025_PHED_435523_1 दिनांक 07.07.2025

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2025-26 के दौरान सीहोर जिले की विभागीय कॉम्बीनेशन रिग मशीन से खनित किये जाने वाले ग्रेव्हल पेक नलकूपों हेतु 120 क्यु. मी. ग्रेव्हल प्रदाय करने हेतु (विभागीय यू.एस.ओ.आर 01 सितम्बर 2023 के अनुसार) ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 23.07.2025 सायं 17.00 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादित (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 24.07.2025 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 4,82,400/-(रूपये चार लाख बयासी हजार चार सौ) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रूपये 9,648/-(रू. नो हज़ार छः सौ अड़तालीस) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रूपये 2000/- दिनांक 23.07.2025 सायं 17.15 बजे तक ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। परशिष्ट/संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| कार्य का नाम | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू0) | धरोहर राशि (रू0) | टेण्डर का मूल्य (रू0) | टेण्डर ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2025-26 के दौरान सीहोर जिले की विभागीय कॉम्बीनेशन रिग मशीन से खनित किये जाने वाले ग्रेव्हल पेक नलकूपों के लिये 120 क्यु. मी. ग्रेव्हल प्रदाय कार्य | 4,82,400.00 | 9,648.00 | 2,000.00 | 23.07.2025, 17.00 तक | 24.07.2025, 17.15 बजे | अनुबंध दिनांक से 06 माह |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्ते एवं विवरण वेब साइट पर https://mptenders.gov.in निविदा क्रमांक 2025_PHED_435523_1 दिनांक 07.07.2025 उपलब्ध है।

जी/15430/25

कार्यपालन यंत्री
लोक. स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड
भोपाल

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला सीहोर (म.प्र.)

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/3879/खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनॉक- 07/07/2025

### प्रथम सूचना

(म.प्र.गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-1क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. श्री पंकज ठाकुर, पिता श्री चैन सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम टीपाखेडी तह. आष्टा जिला सीहोर** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-1क के तहत उत्खनिपटटा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 04.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | आष्टा | मालीखेड़ी | 24/1/1/1 | 3.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 7.921 हे. में से. 3.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 7.921 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/15416/25

उप संचालक
(खनिज प्रशासन)
जिला-सीहोर (म.प्र.)

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला सीहोर (म.प्र.)

E-mail modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/3938/खनिज/2025, सीहोर, दिनॉक- 08.07.2025

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क)(दो) के अंतर्गत उत्खनिपट्‌टा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,**

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र यादव के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन दिनांक 08.05.2025 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर पुनः यथा स्थिति उत्खनिपट्‌टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | सीहोर | धबोटी | 3(एस)व 4(एस) | 4.000 हे. | शासकीय भूमि | पत्थर | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 4.000 क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 4.000 हें. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेंगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/15440/25

उप संचालक
(खनिज प्रशासन)
जिला-सीहोर (म.प्र.)

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com